आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 24 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-117 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

कांग्रेस नेता की हत्या

सारंगढ़,24जुलाई। सारंगढ़ में एक कांग्रेस नेता की हत्या कर दी गई है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक

की टीम घटना स्थल पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, जिले के सिंगापुर में कांग्रेस नेता हरिनाथ पटेल का शव खून से लथपथ सड़क के किनारे पर पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने कांग्रेस नेता की हत्या धारदार हथियार से की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची बरमकेला पुलिस शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है। वहीं सूचना के बाद फॉरेंसिक टीम घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है। हालांकि कांग्रेस नेता हरिनाथ पटेल की हत्या किस वजह से हुई इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस शव को पीएम के लिए भेज कर मामले की जांच कर रही है और लगातार लोगों से पूछताछ कर रही है। कयास लगाया जा रहा है कि जल्द ही इस हत्या के करणों का खुलासा हो सकता है।

रेलवे बना रहा ढाई हजार गैर एसी कोच : रेल मंत्री

नई दिल्ली। मोदी 3.0 का पहला बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। इस बजट में सभी वर्गों का खास ध्यान दिया गया। वहीं इस बजट में रेलवे का नाम सिर्फ एक बार ही लिया गया था, लेकिन बजट खत्म होने के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बड़ा ऐलान करते हुए मिडिल क्लास और कम आय वाले परिवारों को बड़ी खुशखबरी दी है। रेल मंत्री ने मिडिल क्लास और गरीब परिवारों को खुश करते हुए कहा कि रेलवे अभी ढाई हजार गैर-एसी कोच बना रहा है और अगले तीन सालों में दस हजार अतिरिक्त गैर-एसी कोच बनाए जाएंगे। रेलवे का लक्ष्य है कि मिडिल क्लास और कम आय वाले परिवार सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें। ट्रेन हजार किलोमीटर की यात्रा पर लगभग 450 रुपए में विश्वस्तरीय सुविधाएं दे रही हैं।

कश्मीर में एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर,24 जुलाई। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान घायल हो गया। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया।'' सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी।

सदन में गृह मंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान

नक्सल प्रभावित इलाकों के कर्मियों को ट्रांसफर के लिए नहीं काटना पड़ेगा नेता-मंत्री का चक्कर

रायपुर,24 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

नक्सल प्रभावित इलाकों में काम कर रहे पुलिस कर्मियों के लिए नीति बनाई जा रही है. जल्द ही नीति सबके सामने होगी. नीति आने के बाद किसी भी कर्मचारी को नेता-मंत्रियों के दरवाजे पर स्थानांतरण के लिए चक्कर नही काटने पड़ेंगे. यह बात गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लंबे समय से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में काम कर रहे पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर को लेकर कही. कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कुछ कर्मचारी 2 या 3 साल में नक्सल इलाकों से अपना ट्रांसफर करा लेते हैं, लेकिन कुछ 10 सालों से भी ज्यादा समय से वहीं नौकरी कर रहे हैं. उनके लिए भी अन्य जिलों में ट्रांसफर की नीति होनी चाहिए. उन्होंने सवाल किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों की मैदानी इलाकों में पदस्थापना का क्या प्रावधान है?, पदस्थापना के लिए विभाग के क्या दिशा-निर्देश है?, कर्मचारियों के लिए दिशा-निर्देश कब तक जारी होंगे?, उनकी आवास की क्या व्यवस्था है?

गृह मंत्री विजय शर्मा ने जवाब में कहा कि ऐसे पद जो उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर प्रमोट होते है, उनकी कम से कम 3 सालों तक के लिए नक्सल क्षेत्रों में पदस्थापना की जाती है, या जिन कर्मचारियों की उम्र 54 वर्ष से कम है, उनकी भी पदस्थापना का प्रावधान है. नक्सल इलाकों में 3 साल की नौकरी के बाद पुलिस कर्मियों की अन्य जिलों में पदस्थापना का प्रावधान है. उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस कर्मियों की पदस्थापना का विभाग से दिशा-निर्देश जारी है. पुलिस विभाग में पदश्थ कर्मचारियों के लिए 18,355 आवास उपलब्ध है. 898 आवास निर्माण किए जा रहे हैं. बाकी के आवास 2024-25 के मुख्य बजट में प्रावधानित है. पिछले 5 सालों में आवास को लेकर काम नहीं किया गया. इसलिए हमको ज्यादा काम करना पड़ेगा.

काठमांडू में विमान हादसा,सभी 19 यात्रियों की मौत

काठमांडू,24 जुलाई। सुबह 11 बजे नेपाल के काठमांडू के पोखरा में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टेकऑफ़ के दौरान सौर्य एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। द काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि पोखरा जाने वाले विमान में एयरक्रू सहित उन्नीस लोग सवार थे, जो सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस और अग्निशमन कर्मी दुर्घटना स्थल पर बचाव कार्य कर रहे हैं।उक्त हादसे का कारण रनवे पर फिसलने को बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, विमान में 19 लोग सवार थे। इसमें से 18 लोगों की मौत हो गई है, वहीं कई लोग घायल हुए हैं। बचाव दल ने पांचों यात्रियों के शव बरामद कर लिए हैं, जबकि कैप्टन शाक्य को इलाज के लिए ले जाया गया है। 2010 से अबतक 12 विमान हादसे हुए नेपाल में हर साल औसतन एक उड़ान दुर्घटना होती है। 2010 से कम से कम 12 घातक विमान दुर्घटनाएं हुई। जिसमें आज हुई दुर्घटना भी शामिल है। जनवरी 2023 में, एक दुखद दुर्घटना हुई जब यति एयरलाइंस की

एक उड़ान पोखरा के केंद्रीय शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित विमान में सवार सभी 72 लोगों की जान चली गई। पोखरा के पास पहुंचते ही विमान एक खड़ी खाई में गिर गया, टुकड़ों में टूट गया और आग की लपटों में घिर गया। 29 मई, 2022 को, तारा एयर का एक विमान मस्तंग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप उसमें सवार सभी 22 लोगों की मौत हो गई। 2018 में, काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक दुखद दुर्घटना हुई जिसमें यूएस-बांग्ला एयरलाइंस की एक उड़ान शामिल थी। विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे 51 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 20 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

बालोद में महिलाओं-बच्चों की गुमशुदगी का मामला सदन में उठा

रायपुर,24 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधानसभा में बालोद में महिलाओं और बच्चों की गुमशुदगी का मामला उठा. कांग्रेस विधायक अनिला भेड़िया ने मामला उठाते हुए कहा कि तस्करी के लिए कई ठेकेदार और दलाल भी सक्रिय हैं. उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गुम लोगों की खोजबीन के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है. विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि महिलाओं की गुमशुदगी की पूरे प्रदेश की जानकारी माँगी गई थी, लेकिन सिर्फ़ जिला की जानकारी दी गई. अकेले बालोद जिले में ही महिलाओं की गुमशुदगी के 106 मामले अब भी जांच में हैं. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 106 महिलाएं जिले में अब भी लापता है. 2022 से 2024 तक की यह स्थिति है. खोजबीन आवश्यक है. पुलिस इस पर अनवरत काम कर रही है. 716 महिलाएं लापता थीं, बाकी महिलाओं को खोज लिया गया है. 164 बच्चों में से 152 बच्चे ढूंढ लिए गए हैं. बच्चों की गुमशुदगी के मामलों की सफलता दर 92% फ़ीसदी है, वहीं महिलाओं पर यह 84 फीसदी है. अनिला भेड़िया ने कहा कि जांच के अब कई पहलू आ गए हैं. साइबर पुलिसिंग हो रही है फिर भी महिलाओं और बच्चों को ढूंढ़ पाने में पुलिस विफ़ल हो रही है. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक, गुम लोगों की खोजबीन के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है. गुमशुदा इंसान की खोजबीन के लिए एसओपी भी जारी की जाती है. विधायक रोहित साहू ने सहायक परियोजना अधिकारियों की सेवा समाप्ति बाद पुनः बहाली का मुद्दा उठाया. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जवाब देते हुए बताया कि हड़ताल के चलते 21 मनरेगा कर्मचारी को बर्खास्त किया गया था. कैबिनेट के फैसले से उन्हें फिर से बहाल किया गया. तत्कालीन पंचायत मंत्री ने इसी बात को लेकर सीएम को पत्र लिखा था. तब सीएस ने बहाली के नियम नहीं होने का हवाला दिया था. इस वजह से ही तत्कालीन पंचायत मंत्री ने इस्तीफा दिया था. रोहित साहू ने मांग की कि राष्ट्रहित में काम नहीं किया, इन्हें बर्खास्त किया जाए, विजय शर्मा ने बताया कि पुराने सीएम और पंचायत मंत्री के बीच का मामला है. इन्हे हटाना अनुचित होगा, इनकी नौकरी बरकार रहेगी.

डाक्टरों के रिक्त पद भरे जाएंगे : जायसवाल

सदन में प्रश्नकाल के दौरान सरकारी डॉक्टरों के घर से प्रैक्टिस करने पर सवाल उठा. भाजपा विधायक भैया लाल रजवाड़े ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाला हर केस रेफर किया जा रहा है. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आपकी चिंता जायज है, मैं भी अवगत हूं. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि 15 दिन के भीतर बैकुंठपुर जिला अस्पताल सिविल सर्जन होगा. एनेस्थीसिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ और दूसरे डॉक्टर दिए जाएंगे. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने बॉन्ड डॉक्टर की समस्या को उठाया. स्वास्थ्य मंत्री ने जवाब दिया कि 1079 विशेषज्ञ डॉक्टर की भर्ती होने जा रही. 8084 नर्सिंग स्टॉफ से लेकर भृत्य तक की नियुक्ति होगी.

112 फीट की दुर्गा मूर्ति पर ममता बनर्जी को आपत्ति

कोलकाता,24 जुलाई। 112 फ़ीट की मूर्ति पर ममता बनर्जी ने सवाल उठाया है। ममता बनर्जी का कहना है कि मूर्ति से भगदड़ मचने का डर है। ममता बनर्जी ने दावा किया है कि इतनी बड़ी मूर्ति की कोई जरूरत नहीं है। दरअसल, दुर्गा पूजा को लेकर एक विशाल मूर्ति बनाई जा रही है, जिसका नाम गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल होना है। लेकिन इसको लेकर ममता बनर्जी ने कहा कि इतनी बड़ी मूर्ति की जरूरत नहीं है और इससे भगदड़ मचने का डर है। ममता बनर्जी ने एक सभा में कहा कि कल मैंने अखबार में पढ़ा कि 112 फ़ीट की ऊंची दुर्गा प्रतिमा तैयार की जा रही है। सोच सकते हैं आप कितनी खतरनाक भगदड़ हो सकती है। भगदड़ न हो ये क्लब की जिम्मेदारी है।

बता दें कि पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में 112 फीट ऊंची मूर्ति बन रही है। मां दुर्गा की ये प्रतिमा गिनीज बुक में नाम दर्ज कराने की तैयारी है। इसको लेकर दिनरात काम चल रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि इस मूर्ति के तैयार होने के बाद इन कारीगरों का काम गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएगा। लेकिन यहां पर ममता बनर्जी ने इसको लेकर भगदड़ की आशंका जताई है और किसी भी तरह की दुर्घटना होने की स्थिति

में क्लब को ही जिम्मेदार ठहराने की बात पहले से ही कर दी है। पिछले साल कोलकाता के एक नामी क्लब के नाम 88 फुट की दुर्गा मूर्ति बनाने का रिकॉर्ड था। दुर्भाग्य से, दुर्गा पंडाल में भीड़ अधिक होने के कारण एक दुर्घटना में यह क्षतिग्रस्त हो गया। इस बार मूर्ति को किसी भी तरह की क्षति से बचाने के लिए, कारीगर इसे अधिक टिकाऊ और हल्का बनाने के लिए फाइबर कास्ट का उपयोग करेंगे। मूर्ति के वजन को नियंत्रण में रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि घूमने के दौरान मूर्ति को किसी भी तरह की क्षति से बचाया जा सके। दुर्गा के अलावा 40 फ़ीट ऊंची लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिक और गणेश की मूर्तियां भी बनाई जाएंगी।

रायपुर,24 जुलाई।प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था,बलौदाबाजार हिंसा तथा बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ विधानसभा घेरने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। कांग्रेसियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पानी की बौछार छोड़ी गई।

प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा रही है: सचिन

रायपुर,24 जुलाई। प्रदेश में बदहाल कानून व्यवस्था, बलौदाबाजार हिंसा और बिजली की दर बढ़ाने समेत अनेक मुद्दों को लेकर कांग्रेस आज विधानसभा घेराव करने जा रही है। कांग्रेस का यह बड़ा प्रदर्शन पीसीसी प्रभारी सचिन पायलट के नेतृत्व में होगा. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सचिन पायलट रायपुर पहुंच गए हैं. रायपुर एयरपोर्ट पहुंचते ही उन्होंने मीडिया से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा. पायलट ने कहा कि राज्य का लॉ एंड ऑर्डर चरमरा रहा है. सरकार का ध्यान शासन में नहीं बल्कि विरोधियों को टारगेट करने पर है. कांग्रेस के लोगों को परेशान करने पर है. इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय बजट को लेकर कहा कि इसमें छत्तीसगढ़ राज्य को क्या मिला यह ढूंढ़ने से नहीं मिल रहा है. छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने विधानसभा घेराव को लेकर कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आज विधानसभा का घेराव करेंगे. राज्य का लॉ एंड ऑर्डर चरमरा रहा है. सरकार का ध्यान शासन में नहीं विरोधियों को टारगेट करने पर है. कांग्रेस के लोगों को परेशान करने पर है. केंद्रीय बजट में भी देखा गया कि यह सरकार बचाने का बजट रहा. बजट में छत्तीसगढ़ राज्य को क्या मिला यह ढूंढ़ने से नहीं मिल रहा है. 2024 के इस बजट से महंगाई कम होने के आसार नहीं दिख रहे हैं. विरोध प्रदर्शन कांग्रेस का कार्यक्रम नहीं है, जनता की आवाज को मुखर करने का कार्यक्रम है. सरकार ने रिकॉर्ड बनाया है कि शासन का स्ट्रक्चर बनाया है जो यहां से नहीं चल रहा है. मूलभूत सुविधाओं की बातों को भी उठाने का काम आज कांग्रेस करने वाली है.

बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर डर गई है भाजपा : दीपक बैज

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया है. सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे. मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने प्रभारी सचिन पायलट पहुंचे हैं. स्पष्ट है कि भाजपा बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर डर गई है. इसलिए किसी भी हाल में कांग्रेस के कार्यक्रम को रोक रही थी.सरकार चाह रही थी कि यह कार्यक्रम ना हो लेकिन हमारे कार्यकर्ता डटे रहे. आज विधानसभा घेराव ऐतिहासिक रहेगा.

आंगनबाड़ी से लापता मासूम की 3 किमी दूर नाले में मिली लाश

बालोद,2 जुलाई। ग्राम भेड़ी स्थित आंगनबाड़ी से मंगलवार दोपहर से लापता तीन साल के नैतिक सिन्हा का शव आज सुबह गांव से 3 किमी दूर नाले में मिला. घटनाक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की लापरवाही को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर 4 सदस्यीय टीम का गठन किया है, जो तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी. कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने चार सदस्यीय समिति के गठन का आदेश जारी किया है. आदेश में बताया गया कि डौण्डीलोहारा तहसीलदार द्वारा संज्ञान में लाया गया कि ग्राम भेड़ी के आंगनबाड़ी क्रमांक 01 में आए बच्चों में से एक नैतिक सिन्हा 23 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे से लापता हो गए हैं. आंगनबाड़ी में आए बच्चों में से एक बच्चे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नैतिक सिन्हा आंगनबाड़ी के समीप में नाले में बह गया है.

केंद्रीय बजट में खेलकूद के उत्थान के लिए अधिक राशि का आबंटन

jasclaudius@gmail.com

केंद्र सरकार के प्रयास में कदमताल करते खिलाड़ी

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

आबादी की दृष्टि से जब हमारे देश की तुलना अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्राप्त उपलब्धि से की जाती है तो भारतवासियों को बहुत अफसोस होता है। विश्व स्तर पर खेलकूद में सफलता के लिए अनेक प्रकार की सुविधाओं की आवश्यकता जरूरी है। खेलों की दुनिया में सुविधा और बजट एक सिक्के के दो पहलू हैं। आज की कड़ी प्रतिस्पर्धा के युग में जीत हासिल करने के लिए अत्याधुनिक अधोसंरचना और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। यह सब कुछ खेलों के लिए उपलब्ध राशि पर निर्भर करता है। सच तो यह भी है कि प्रतिभा और धन दोनों आज की परिस्थिति में अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। हमारे देश में 15 अगस्त 1947 को मिली स्वतंत्रता के समय की परिस्थिति और आज की परिस्थिति में जमीन आसमान का अंतर है। तब भारत के निवासियों के लिए खेल सुविधा से बढ़कर स्वास्थ्य,शिक्षा, पेयजल, खाद्यान्न, परिवहन, संचार, सिंचाई आदि की समस्या को सुलझाना बड़ी चुनौती थी। फिर धीरे-धीरे समय में बदलाव के साथ खेलकूद की ओर केंद्र सरकार ने ध्यान देना आरंभ किया तथा राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी संस्थानोंने भी खेल व खिलाड़ियों के हित में कदम बढ़ाना शुरू किया। खेल चूंकि केंद्र सरकार का विषय है अतः केंद्र में सत्ताधारी दलों के साथ खेल नीति में भी परिवर्तन आते चला गया। पिछले करीब 10 वर्षों से केंद्र में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन की सरकार है। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। चूंकि प्रधानमंत्री खेलकूद में भारत को विश्व में प्रमुख स्थान दिलाना चाहते हैं अतः उनकी सरकार ने खेल विभाग तथा खेल मंत्रियों के माध्यम से हमारे देश की जमीनी प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें उच्च प्रशिक्षण देने की नीति बनाई है। अतः बजट में 2013-14 के बाद लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है। 2013-14 में खेल एवं युवा कल्याण मामले का बजट 1291 करोड़ रुपये था। उसमें से खेलकूद के लिए 792.72 करोड़ रुपये निर्धारित था। फिर 2015-16 में 865.88 करोड़,2016-17 में 865.88 करोड़,2017-18 में 1120.40 करोड़,2018-19 में 980.87 ,2019-20 में 1395 करोड़, 2020-21 में 1585.42 करोड़,2021-22 में 1598.12 करोड़ 20 22-23 2310 करोड़ रुपये आबंटित किये गये। इसके पश्चात 2024-25 के लिए 2035.77 करोड़ रुपये अंतरिम बजट में आबंटित किए गये थे। अब इस बजट में राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए 340 करोड़, भारतीय खेल प्राधिकरण (सांई) को 795.77 करोड़, नाडा अर्थात राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी को 22.30 करोड़, राष्ट्रीय डोप प्रशिक्षण शाला (एन.डी.टी.एल.) को 22 करोड़ रुपये 2024-25 में आबंटित किया गया है। राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र के लिए आठ करोड़, वहीं राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय को 91.90 करोड़ आबंटित किया गया है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने का बजट 39.00 करोड़, राष्ट्रीय खेल विकास कोष 18.00 करोड़ रुपये और जम्मू कश्मीर में खेल सुविधा बढ़ाने के लिए आठ करोड़ आबंटित किए गये हैं। खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपये आबंटित किए गये हैं। इस प्रकार 2024-25 में खेल एवं युवा कल्याण मामलों के विभाग के लिए कुल मिलाकर 3442.32 करोड़ दिये गये हैं। इनमें से 2236.97 करोड़ रुपये खेल विभाग का है। अतः अगर हम 2013-14 में आबंटित बजट राशि 792.72 करोड़ रुपये की तुलना 2236.97 से करें तो स्पष्ट है कि पिछले 10 वर्षों में खेल बजट तीन गुणा हो चुका है। अर्थात 10 वर्षों में खेल बजट करीब 182 प्रतिशत बढ़ा है। खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। टोक्यो 2020 में अब तक के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सर्वाधिक 7 पदक भारतीय खिलाड़ियों द्वारा जीते गये। एशियाई गेम्स में भारतीयों का शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि सरकार जिस तरह खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही है। खिलाड़ी भी खेल मैदान में अपना सब कुछ प्रदर्शित कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों में ओलंपिक के मुख्य खेलों की अकादमी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना तथा खेलो इंडिया यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी, पैरा विंटर, ट्राइबल, नार्थ-ईस्ट गेम्स के आयोजन से भारतीय खिलाड़ियों का खेल स्तर बढ़ा है। सरकार का प्रयास बहुत सराहनीय है।

शंभू बार्डर पर बनी रहेगी यथास्थिति: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,24 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि अंबाला के पास शंभू सीमा पर यथास्थिति बनाए रखी जाए। शंभू बॉर्डर पर किसान 13 फ़रवरी से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अदालत ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों को चरणबद्ध तरीके से बैरिकेड हटाने का काम शुरू करने का निर्देश दिया है. शंभू सीमा पर चल रहे प्रदर्शनों के कारण जनता को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए। शीर्ष अदालत ने किसानों और अन्य हितधारकों के बीच बातचीत की सुविधा के लिए एक स्वतंत्र समिति के गठन का भी प्रस्ताव दिया है. प्रतिष्ठित व्यक्तियों वाली इस समिति को किसानों की मांगों के लिए उचित, उचित और इसमें शामिल सभी पक्षों के हित में व्यवहार्य समाधान तलाशने का काम सौंपा जाएगा। इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अनुरोध किया है कि पंजाब और हरियाणा सरकारें एक सप्ताह के भीतर संभावित समिति सदस्यों के नाम प्रस्तुत करें। यदि राज्य उपयुक्त सुझाव देने में विफल रहते हैं, तो अदालत समिति में उचित व्यक्तियों को नियुक्त करने की जिम्मेदारी लेगी। यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा द्वारा घोषणा के बाद हरियाणा सरकार ने अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरिकेड्स लगा दिए थे कि किसान विभिन्न मांगों के समर्थन में दिल्ली तक मार्च करेंगे। जिसमें फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी भी शामिल है। इससे पहले 12 जुलाई को शीर्ष अदालत ने संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए हरियाणा सरकार से बैरिकेड हटाने को कहा था और राजमार्ग को अवरुद्ध करने के उसके अधिकार पर सवाल उठाया था।

एक नजर

नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख की ठगी

भिलाई, 24 जुलाई। भिलाई न्यायालय व मंत्रालय में नौकरी लगवाने का झांसा देकर दो लोगों से पांच लाख रुपये की ठगी करने वाली एक महिला के खिलाफ खुर्सीपार पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की है आरोपित ने महिलाओं को झांसा दिया था कि उसकी अधिकारियों से अच्छी जान पहचान है और वो उसके दम पर उनके बच्चों की नौकरी लगवा सकती है आरोपित के झांसे में आकर पीड़िताओं ने उसे रुपये दे दिए थे, लेकिन रुपये लेने के बाद उसने किसी की नौकरी नहीं लगवाई और न ही रुपये लौटाए लेबर कालोनी सेक्टर 11 जोन-तीन खुर्सीपार निवासी जी दुर्गा राव की शिकायत पर जोन-तीन खुर्सीपार निवासी आरोपित पी. विजय लक्ष्मी के खिलाफ प्राथमिकी की गई है आरोपित पूर्व में खुर्सीपार के एक निजी स्कूल में प्रचार्य थी पीड़िता और आरोपित की पहचान थी आरोपित ने पीड़िता से कहा कि उसने अपने बेटे की रायपुर न्यायालय में नौकरी लगवाई है वह उसकी बेटी की भी शासकीय नौकरी लगवा सकती है उसने कहा कि यदि उसे ढाई लाख रुपये दे दिए जाएं तो वह उसकी बेटी की रायपुर न्यायालय में नौकरी लगवा देगी आरोपित की बातों में आकर पीड़िता ने कर्ज लेकर उसे ढाई लाख रुपये दिए और साक्ष्य के तौर पर उसने लेनदेन का वीडियो भी बना लिया था रुपये देने के बाद भी आरोपित मे पीड़िता की बेटी की नौकरी नहीं लगवाई उसके बारे में पता करने पर जानकारी हुई कि उसने शर्मा आश्रम खुर्सीपार में रहने वाली चंद्रावती बिसाई के बेटे से मंत्रालय में नौकरी लगवाने के नाम उससे भी ढाई लाख रुपये लिए हैं और उसके बेटे की भी नौकरी नहीं लगवाई इसके बाद पीड़िता ने आरोपित महिला से रुपये मांगे तो इन्कार कर दिया ।

खुले आम घूम रहा जिलाबदर गिरफ्तार

भिलाई, 24 जुलाई। भिलाई जिला बदर का

आरोपी खुलेआम घूम रहा था सूचना पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14,15 के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 22 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर वार्ड 16 इंदिरा नगर सुपेला निवासी तारकेश्वर को हाल ही में जिला बदर की कार्रवाई की गई है जो सुपेला क्षेत्र में घूमते पाया गया पुलिस की टीम मछली मार्केट सुपेला पहुंची जहां तारकेश्वर खरीदते सामान दिखा तारकेश्वर पुलिस को देख भागने लगा लेकिन उसे घेराबंदी पकड़ा गया पुलिस ने तारकेश्वर को बताया कि उसके खिलाफ जिला दण्डाधिकारी दुर्ग ने जिला बदर की कार्रवाई की है। तब तारकेश्वर कहने लगा की जिला दण्डाधिकारी के आदेश को नहीं मानता पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया टीआई ने बताया कि आरोपी सुपेला थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश है जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज है बताया जा रहा है कि आरोपी तारकेश्वर को न्यायालय से जमानत मिल गई है

रेल्वे कर्मचारी के घर में चोरी

भिलाई, 24 जुलाई। भिलाई - 3 थाना अंतर्गत रिटायर रेलवे कर्मचारी पैसा निकालने बैंक गया था बुक प्रिंट कराने के बाद थैली में रखे 34 हजार रूपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि रिटायर्ट रेलवे कर्मचारी सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 जुलाई की सुबह 11.30 बजे भारतीय स्टेट बैंक पदुमनगर भिलाई 03 में अपने खाता से 35000 रूपए निकालकर 1000 रूपये अपनी पत्नी हेमलता श्रीवास्तव के खाता में जमा करने के बाद 34000 रुपए को अपने थैला में रखकर पासबुक प्रिंटिंग मशीन में पास बुक प्रिंट कराने के बाद अपनी पासबुक को देख रहा था। थैले में 68 नग नोट कुल 34000 रुपए को अपने बाजू में रखा था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया ।

श्रीराम लला दर्शन के लिए 850 दर्शनार्थी अयोध्या धाम के लिए रवाना

भिलाई, 24 जुलाई। रेलवे स्टेशन दुर्ग से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से कुल 850 दर्शनार्थियों के साथ दुर्ग से अयोध्या धाम के लिए 23 जुलाई को आरपीएफ दुर्ग की सुरक्षा व्यस्था में सकुशल प्रस्थान किये । श्री रामलला दर्शन हेतु विशेष रेलगाड़ी भारत गौरव टूरिस्ट (दुर्ग-अयोध्या धाम- दुर्ग) समय 13.10 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिये सुरक्षित प्रस्थान की, जिसमे (दुर्ग व बस्तर संभाग से) दुर्ग रेलवे स्टेशन से 850 दर्शनार्थी यात्रा कर रहे हैं । इस दौरान भारत गौरव टूरिस्ट गाड़ी संख्या 08851/ 08852 को फ्लैग ऑफ करने जितेन्द्र वर्मा भाजपा अध्यक्ष जिला दुर्ग उपस्थित रहे, साथ में अन्य भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे । द पू म रेलवे रायपुर से सीनियर डी सी एम अवधेश त्रिवेदी एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे । आईजी दुर्ग, एडिशनल एसपी दुर्ग, दुर्ग जिला पंचायत सी ई ओ, ए डी एम, दुर्ग व एस डी एम, दुर्ग , साथ ही गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। उक्त गाड़ी को अनुरक्षण हेतु रेसुब के 01 निरीक्षक प्लस 05 बल सदस्य हथियार गोली के साथ दुर्ग से उसलापुर के लिए प्रस्थान किए व जी आर पी के 01 प्रधान आरक्षक व 02 आरक्षक दुर्ग से उसलापुर तक के लिए प्रस्थान किए। इस दौरान सुरक्षा बंदोबस्त में सहायक सुरक्षा आयुक्त-द्वद्व /रेलवे सुरक्षा बल/रायपुर, आरपीएफ़ दुर्ग थाना प्रभारी एस के सिन्हा व अन्य अधिकारी व बल सदस्य, जी आर पी के अधिकारी तथा टीआई बृजेश मोहन नगर स्थानीय पुलिस के अधिकारी व स्टाफ पर्याप्त संख्या में तैनात रहे ।

देश के लिए कल्याणकारी बजट, अंतिम व्यक्ति के हितों का ध्यान रखा गया:खेमलाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 24 जुलाई। आज देश की अर्थव्यस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए देश के वित्त मंत्री ने जनकल्याणकारी बजट प्रस्तुत किया द्य

केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि य श ा स वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट आज प्रस्तुत हुआ। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी का सांतवां बजट दूरदृष्टि और दृढ निश्चय का बजट है। यह सबका बजट है, सबके लिए, सबके विकास का बजट है। इस बजट में कृषि और रोजगार पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है जो कि इसे ऐतिहासिक बनाता है। छत्तीसगढ़ के लिए सबसे विशेष बात यह है कि जहां 1.52 लाख करोड़ रूपये कृषि क्षेत्र के लिए रखे गये हैं, कृषि क्षेत्र का ऐतिहासिक पैकेज देश में एक नयी हरित क्रांति लाकर किसानों को समृद्ध बनायेगा द्य बजट में वित्त मंत्री की घोषणा किया है कि एक करोड़ युवाओं को 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप देगी द्य यह बजट देश को समृद्धि देने वाला, मिडिल क्लास को नई शक्ति देगा, रोजगार, पर्यटन, कृषि और अर्थव्यवस्था में सुधार होगी द्य मोदी सरकार 3.0 के बजट में विभिन्न क्षेत्रों को प्राथमिकता दिया है द्य बजट 2024=न्यू टैक्स रिजीम में 7.75 लाख तक इनकम टैक्स फ्री, एजुकेशन एंड एम्प्लॉयमेंट बजट, हर साल 20 लाख युवाओं को इंटर्नशिप, 5 हजार महीना मिलेंगे, एजुकेशन लोन पर 3त्न ब्ऱ्याज सरकार देगी, वित्त मंत्री ने न्यू टैक्स रिजीम में दिए कई लाभ बताये, किसान बजट- एग्रीकल्चर के लिए ?1.52 लाख करोड़, 32 फसलों की 109 नई किस्में लाएंगे द्य 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती कराए जाने का प्रावधान, देश भर के 100 शहरों की बदलेगी सूरत, पानी सप्लाई और कचरा मैनेजमेंट पर बड़ा जोर, न्यू टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है और पुरानी कर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अब नई कर व्यवस्था में 3 लाख रुपये तक के सालाना इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वहीं 3 से 7 लाख रुपये के सालाना इनकम पर 5 फीसदी का टैक्स देना होगा। 7 से 10 लाख रुपये पर 10 फीसदी और 10 से 12 लाख रुपये के सालाना इनकम पर 15 फीसदी का टैक्स लगेगा। इसी तरह 12 से 15 लाख रुपये के एनुअल इनकम पर 20 फीसदी और 15 लाख से ज्यादा की इनकम पर 30 प्रतिशत का टैक्स लगेगा द्य इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, सेना पर विशेष फोकस किया गया है ।

2047 तक विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट:संगीता

कवर्धा, 24 जुलाई। रूप जीवन हॉस्पिटल कवर्धा डायरेक्टर डॉक्टर संगीता जैन ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण ने सातवी बार बजट पेश किया है । यह बजट महिला सशक्तिकरण का साक्षात उदाहरण है की एक महिला घर का ही नही देश का बजट भी चला सकती है । उन्होंने बजट पेश करते हुए बहुत वाहवाही लूटने की कोशिश नही की गई । इस बजट को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट कहा जा सकता है । नई घोषणाओं के साथ साथ पुरानी घोषणाओं को भी कही पीछे नहीं छोड़ा गया है । वित्तमंत्री निर्मलाजी ने अपनी प्राथमिकताये अर्बन डेवलमेंट , कृषि , रोजगार , मेन्यू फेक्चरिंग एंड सर्विस , ऊर्जा , नई सोच , अनुसंधान और रक्षा क्षेत्र में भी बड़ा बजट की सौगात दी गई है । महिलाओं , युवाओं , किसानों , मजदूर के हितों को देखकर बजट बनाया गया है । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ी और मुफ्त घोषणासो के बिना एक अच्छा बजट पेश किया है ।

केंद्रीय बजट विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करेगा:नितेश

कवर्धा, 24 जुलाई। जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट सुनहरे भारत की तस्वीर को रेखांकित करता है पहली बार रोजगार को लेकर व्यापक प्रावधान किया गया है 2 लाख करोड रुपए का बजट में प्रावधान किया गया है जिससे रोजगार सृजन होंगे और रोजगार ही सृजन नहीं होंगे बल्कि युवा बेरोजगार रोजगार देने की स्थिति में रहेंगे उद्यमी बनेंगे ग्रामीण विकास को लेकर भी व्यापक चर्चा की गई है जिससे गांव में मूल सुविधाओं के साथ गांव का विकास होगा अधो संरचना के क्षेत्र में भी पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाने के साथ-साथ एयरपोर्ट के निर्माण एवं विकसित करने के लिए भी बजट में प्रावधान है मध्यम वर्गी परिवार के लिए भी टैक्स में राहत दी गई है शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर तथा किसानों के लिए भी बड़े मन से बात की गई है तो हम कह सकते हैं कि यह बजट विकसित गांव के साथ ही विकसित प्रदेश और विकसित राष्ट्र का बजट होगा आने वाले समय में भारत पूर्ण रूप से विकसित होगा उसकी आज नींव रख दी गई है ।

बजट विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी: उपमुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 24 जुलाई। केंद्रीय बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बजट को विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रावधानों की सराहना की और इसे देश सहित प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने गृह विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता

परियोजनाओं के लिए आवंटित राशि से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार होगा।उन्होंने कहा होम अफेयर्स के लिए 150983 करोड रुपए का प्रावधान , मनरेगा का बजट 60000 करोड़ से बढ़कर 86 हजार करोड़ रुपये करना, 2.66 लाख करोड़ ग्रामीण विकास हेतु, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 3 करोड़ नए घरों का निर्माण, पीएमजीएसवाई चरण द्वद्ध 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क ग्रामीण जीवन के उत्थान में सहायक होगा।उपमुख्यमंत्री ने तकनीकी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों को भी सराहा। उन्होंने कहा कि नए उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। 5 साल में 500 टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप, स्किल इंडिया के तहत युवाओं को प्रशिक्षित और पुनर्प्रशिक्षित करने के कदम देश की तकनीकी दक्षता को बढ़ाएंगे।। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों पर उप मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहन देने के लिए उठाए गए कदम देश की तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देंगे। शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किए गए कोष से नई खोजों और आविष्कारों को बल मिलेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस बार के बजट में कृषि, रोजगार, सामाजिक कल्याण, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा के अलावा गरीब, महिला, किसान युवा पर बजट में फोकस किया गया है। यह बजट देश सहित प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और सभी क्षेत्रों में सुधार और प्रगति को बढ़ावा देगा।

केंद्रीय बजट विश्वासघात का दस्तावेज है : सोनी

भिलाई, 24 जुलाई। केंद्रीय बजट पर भिलाई स्टील मजदूर सभा (एटक) के महासचिव का. विनोद कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बजट 2024-25 विश्वासघात का दस्तावेज है। बजट से मजदूरों, किसानों, बेरोजगारों और वंचितों को कोई उम्मीद नहीं मिलती है। यह छात्रों, महिलाओं और बुजुर्गों को धोखा देता है। यह एक और अमीरों और कॉर्पोरेट के पक्ष में बजट है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कोई रोडमैप या प्रतिबद्धता नहीं है। श्रमिकों के वेतन वृद्धि या गारंटीकृत मजदूरी की कोई बात नहीं की गई है। उनके सुरक्षा उपायों या सामाजिक सुरक्षा कवरेज के बारे में कुछ नहीं कहा गया। बजट असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कुछ भी नहीं देता है जो कार्यबल का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं। बुनियादी ढांचे के निर्माण के नाम पर निजी क्षेत्र को सबसे ज्यादा फायदा फायदा पहुंचाने वाला है। विदेशी कॉरपोरेट्स पर टैक्स 40 से घटाकर 35 प्रतिशत किया गया। कॉरपोरेट्स टैक्स नहीं बढ़ाया गया, न ही संपत्ति कर और न ही विरासत कर लगाया गया।

सरकार ने बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय को बरकरार रखा

भिलाई, 24 जुलाई। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने केंद्रीय बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सरकार ने अंतरिम बजट की ही तरह बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय को बरकरार रखा है, जो बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए भारी वित्तीय सहयोग को सुनिश्चित करता है। शहरी आवास, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास, सड़क आवागमन को बेहतर बनाने और विभिन्न कॉरिडोर के विकास पर फोकस करने से डोमेस्टिक स्टील की खपत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सरकार की आवागमन को बेहतर बनाने और बुनियादी ढांचे को विकसित करने की प्रतिबद्धता न केवल इस्पात की खपत को बढ़ाएगी बल्कि एक बहुआयामी प्रभाव भी पैदा करेगी, जिससे विभिन्न क्षेत्रों को लाभ होगा और इस तरह से देश की समग्र आर्थिक समृद्धि में योगदान मिलेगा।

सेल ने 5 बैंकों के साथ एमओयू किया साइन

भिलाई, 24 जुलाई। भारत में अग्रणी इस्पात निर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने कर्मचारियों को विभिन्न ऋणों की सुविधा प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में पांच भारतीय बैंकों के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किया है। सेल ने जिन बैंकों के साथ एमओयू साइन किया है, इसमें बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, आईडीबीआई और पीएनबी शामिल है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की ओर से महाप्रबंधक बिक्रम उप्पल और महाप्रबंधक सुश्री लविका जैन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

आयुक्त के निर्देश पर बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से निपटने सचेत है अमला

भिलाई, 24 जुलाई। मानसूनी बारिश की शुरूआत होने से लगातार वर्षा हो रही है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई के सभी जोन के आयुक्त एवं आपदा प्रबंधन बाढ़ नियंत्रण का दल सचेत है। निगम के सभी जोन में अधिकारी कर्मचारी निचली बस्तियों में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं, कहीं भी जल भराव नहीं है। निगम के कर्मचारी नालो में जल कुम्भी, खरपतवार, पुराने पेड़ आदि के फसने की संभावना बनी रहती है उन जगहो को साफ कर रहे हैं। जिससे वर्षा का जल लगातार नाली एवं नालो के माध्यम से आगे निकल जाये, किसी प्रकार का जल भराव न हो। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में हेल्प लाईन काउंटर 24 घंटा काम कर रहा है। संभावना को देखते हुए जे.सी.बी. और डिजल से चलने वाला मोटर पम्प की व्यवस्था सभी जोन में की गई है। आवश्यकता पड़ने पर पानी की निकासी तात्कालिक रूप से की जा सके। तोड़फोड़ दस्ता के साथ जोन का दल भी भ्रमण कर रहा है। निगम आयुक्त ने नागरिको से अपील की है कि कहीं भी जल भराव जैसी समस्या आने पर निगम के कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते है। मौसमी जल जनित बिमारी जैसे- डायरिया या फूड पाउजनिंग से बचाव हेतु पानी उबाल कर पीये, ऊल्टी दस्त तीन बार से ज्यादा होने पर डॉक्टरो से परामर्श ले। घर में साफ पानी में नमक, चीनी का घोल ओआरएस बनाकर पीते रहे। जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। शरीर में पानी की कमी होने से सुस्ती आने लगती है। तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें, डायरिया के लक्षण हो सकते हैं। सतर्क रहेना ही सबसे बड़ा बचाव है।

निगम आयुक्त ने की समय सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा



भिलाई, 24 जुलाई । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों द्वारा निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त ध्रुव ने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्र, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ, ई-समाधान के प्रकरण, सार्थ-ई पोर्टल के लंबित आवेदनों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने बरसात के मौसम में डायरिया, मलेरिया, डेंगू एवं अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ सभी अधिकारियों को समुचित प्रबंध रखने के निर्देश दिये। उन्होंने वर्तमान में वर्षा से उत्पन्न स्थिति नदी-नालों में बाढ़ आदि पर विशेष नजर रखने के साथ ही नदी किनारों के गांवों में मुनादी आदि के माध्यम से सूचित करने निर्देशित किया।

मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए अलंकरण समारोह आयोजित

भिलाई, 24 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा बीएसपी में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए बधाई एवं अलंकरण समारोह का आयोजन भिलाई विद्यालय सेक्टर-02 के सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले उपस्थित थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक श्रीमती शिखा दुबे उपस्थित थीं द्व इसके अतिरिक्त समारोह में विभिन्न बीएसपी विद्यालयों के प्राचार्यगण श्रीमती सुमिता सरकार, श्रीमती रुबि बर्मन, श्रीमती उर्वशी साहू समेत अन्य विद्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। बीएसपी के विभिन्न स्कूलों से कुल 22 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उप प्रबंधक श्रीमती विभा रानी कटियार का विशेष सहयोग रहा। भिलाई विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने धन्यवाद एवं श्रीमती संगीता मिश्रा ने संचालन किया। कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार साहू, राजेश कुमार गुप्ता, निशि शिवप्पा, एस के साहू, वंदना, सविता धपवाल, राजेश साहू, नेहा, यास्मीन, अर्पिता दास, सुनील समेत समस्त शाला परिवार का विशेष योगदान रहा।

विधायक देवेंद्र ने विधानसभा में उठाया कानून व्यवस्था और डायरिया का मुद्दा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 24 जुलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सदन मे लचर कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार 40 प्रतिशत में कमीशन पर चल रही है। इसलिए यहां की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। प्रदेश में आए दिन लूटपाट की घटनाएं हो रही है, तो कहीं पर गोली चल जा रही है। कभी भिलाई में, तो कभी रायपुर में गोलियां चल रही है, तो कहीं से बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही है, आदिवासियों को पिटा जा रहा है । विधायक ने विषय पर आगे अपनी बात रखते हुए कहा कि, मुंगेली जिले के लोरमी वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों को वहां के रेंजर मारपीट कर रहे हैं। घायलों की तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हो रही है, लेकिन सुशासन का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार में कोई सुनवाई नहीं है। विधायक यादव ने कबीरधाम जिले के साथ राम यादव की हत्या का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि साथ राम की हत्या के बाद पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और जब समाज के लोग वहां पहुंचे , तब वहां कार्रवाई की गई। जबकि वह गृहमंत्री का विधानसभा क्षेत्र हैं। विधायक ने कहा कि बीएसपी क्षेत्र में विकास के काम हो रहे थे । उसे भी बदला लेने की दृष्टिकोण से सरकार बदलते ही रोक दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र मे सड़क नाली बन रहा था, उसका भुगतान रोक दिया गया है। महिलाओं के स्वरोजगार के लिए खोले

गए सी-मार्ट को बंद कर दिया गया है। गारमेंट्स फैक्ट्री बन रही थी। उसका कार्य पिछले 7 महीने से बंद है। सात महीने में एक ईंट तक नहीं रखा गया। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए उसकी नींव रखी थी.लेकिन यह सरकार 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार है और इसके अलावा कुछ भी सही नहीं चल रहा है। विधायक देवेंद्र ने प्रदेश में फैले डायरिया का प्रकोप को सदन के पटल पर रखते हुए कहा कि, बिलासपुर बस्तर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में डायरिया का प्रकोप है। इस पर कोई बात नहीं हो रही है। बिलासपुर के अस्पताल में मरीजों को खुद देखने गए थे। जहां मरीजों के लिए बिस्तर नहीं था, लेकिन सुशासन वाली सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, क्या इसीलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने आपको कुर्सी पर बिठाया है।

तहसील साहू संघ पाटन की बैठक 26 को

उतई, 24 जुलाई। तहसील साहू संघ पाटन की कार्यकारिणी बैठक 26.07.2024 दिन शुकवार को दोपहर 12.00 बजे से साहू सदन पाटन में आयोजित की गई है द्य जिसमे विभिन्न विषयो पर गंभीरता पूर्वक चर्चा किया जाएगा द्य बैठक में प्रमुखत: तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामुहिक आदर्श विवाह 2024 आय-व्यय की जानकारी, सत्र 2023- 2024 आमसभा की तैयारी पर चर्चा, तीज मिलन समारोह के आयोजन पर चर्चा, आगामी तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं विशाल आदर्श विवाह के आयोजन पर चर्चा, आमसभा में सुझाव पत्र आमंत्रित करने बाबत स्थानीय / परिक्षेत्र / तहसील साहू संघ द्वारा के विषय पर चर्चा, सामूहिक आदर्श विवाह एवं विशाल कर्मा जयंती ग्राम पतोरा के लिए निर्धारित दान राशि अप्राप्त ग्रामीण इकाई पर निर्णय, अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा किया जाएगा द्य उक्त जानकारी खेमलाल साहू महासचिव तहसील साहू संघ पाटन ने दिया है ।

विधायक रिकेश ने विधानसभा में लहराया बलौदा बाजार हिंसा मामले में फोटो पोस्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 24 जुलाई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि दो दिन से लगातार चाहे वह नेता विपक्ष हों, चाहे कांग्रेस के अन्य सदस्य, सबका एक ही सवाल था कि बलौदा बाजार वाली घटना में किस षड्यंत्रकारी का हाथ था और उसकी जांच क्यों नहीं हो रही है? आज भी अनुपूरक बजट में बोलते बोलते उमेश पटेल सदस्य कांग्रेस ने कहा कि षड्यंत्रकारी का पर्दाफाश होना चाहिए और ऐसे लोग चाहे वह कोई भी राजनीतिक दल के क्यों न हों, जो लोग वहां पर उपस्थित थे और भीड़ को भड़काने का नाम लिए थे, ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए, फर्जी तरीके से लोगों पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इस बात पर अजय चंद्राकर ने कहा कि सदन में एक व्यक्ति ऐसे भी हैं जो भीड़ में वहां पर लोगों को भड़काने का काम कर रहे थे। तो उमेश पटेल ने कहा कि आप एक फोटो दिखा दीजिए कि ऐसा

सदस्य भीड़ में शामिल था। तभी विधायक रिकेश ने सदन को फोटो पोस्टर दिखाया। सदन में रिकेश सेन ने कहा कि ये जो पोस्टर फोटो है इसमें नीचे अगर आप देखेंगे तो उन्हीं के आईडी से निकाला हुआ उनके इंस्टाग्राम से निकाला हुआ, उनके फेसबुक पेज से निकाला हुआ ये पोस्टर है जिन्होंने पूरे भीड़ को भड़काने का काम किया। समाज के लोगों को एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस के लोगों ने भड़काने का काम किया है और उसके लिए लगातार पुलिस इसकी जांच भी कर रही है। क्योंकि उमेश पटेल ने कहा एक फोटो दिखा दो हम मान जाएंगे, इसलिए मुझे सदन में यह फोटो लहराना पड़ा। तब कांग्रेस के सदस्य के मुंह से किसी की आवाज नहीं निकली और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खड़े होकर अवश्य कहा कि रिकेश ऐसे सदन में पोस्टर लहराना गलत है। इसको नहीं दिखाना चाहिए, यह आपत्तिजनक है। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने भी कहा कि सदन में ऐसे पोस्टर नहीं लहराए जाते लेकिन यह स्पष्ट हो गया इस पोस्टर से।

गुरुपूर्णिमा पर लोगों को किया पौधा वितरण

उतई, 24 जुलाई। गायत्री मंदिर उतई में विश्वकल्याण की कामना के साथ हर्षोल्लास से गुरुपूर्णिमा मनाया गया। गुरुपूर्णिमा व श्रावण मास के आगमन के अवसर पर गायत्री मन्दिर उतई में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। साथ ही उतई नगर विभिन्न वार्डों में जाकर 250 से अधिक नगरवासियों को 4-5 फीट ऊंचे तैयार किये पौधों का वितरण किया गया।

युवा कार्यकर्ता युवराज साहू ने गुरु को सर्वोच्च मार्गदर्शक बताते हुए उन्हें जीवन से साक्षात्कार कराने वाला बताया। अभियान में शेषनारायण यादव, गजेंद्र साहू, युवराज साहू, नमन साहू, सूर्यांश साहू, महिमा साहू सहित युवा व महिला मंडल के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कलेक्टर और एसडीएम के आदेश की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

ब्लाक कालोनी स्थित आवासीय क्वार्टर को डिस्मेंटल करने के आदेश को 9 वर्ष हो गये लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं

अगर दुर्घटनावश जन-धन की हानि होती है तो कौन होगा जिम्मेदार?

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, उत्तम साहू

नगरी 24 जुलाई। आदिमजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत ब्लाक कालोनी स्थित 14 आवासीय क्वार्टर को नौ वर्ष पूर्व डिस्मेंटल करने का आदेश हो चुका है जिसका पालन आज तक नहीं हुआ है, इस मामले में अधिकारी और कर्मचारीयों की अनदेखी से, संबंधित विभाग की घोर लापरवाही उजागर हो गया है, ऐसा लगता है कि संबंधित विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं, इसके बावजूद आज भी कालोनी के इन सरकारी क्वार्टर में कर्मचारी अपने पूरे परिवार के साथ रह रहे हैं, अगर कोई दुर्घटना होती है और जान माल की छति होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा.? यह एक बड़ा सवाल है।

उल्लेखनीय है कि ब्लाक कालोनी नगरी में आदिमजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों के लिए पांच छः दशक पूर्व में 14 आवासीय क्वार्टर का निर्माण किया गया था जो अति जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है, 2015 में धमतरी के तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह ने मौका मुआयना करने के बाद तत्काल उक्त जर्जर आवास को डिस्मेंटल कर उस जगह पर कार्यालय परियोजना प्रशासक एवं परियोजना स्टाफ के लिए आवास बनाए जाने के लिए प्रस्तावित किया था, किंतु 9 वर्ष बीतने के बाद भी इस आदेश पर अमल नहीं हुआ है, गौरतलब हो कि परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना नगरी जिला धमतरी का पत्र क्रमांक 355 दिनांक 2.12.2015 में उल्लेख है कि नगरी ब्लॉक मुख्यालय स्थित ब्लॉक कॉलोनी के आवासीय भवन अति जर्जर एवं खतरा युक्त हो गया है जिसे डिस्मेंटल की आवश्यकता है।

पत्र के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग नगरी एवं हल्का पटवारी से प्रतिवेदन मंगाया गया, संयुक्त जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख है कि उपरोक्त 14 आवासीय भवन अति जर्जर हो चुका है जिनका छप्पर छत दीवार काफी कमजोर हो गए हैं जिसे अतिशीघ्र डिस्मेंटल करने योग्य हैं उक्त शासकीय आवास बहुत पुराना एवं अति जर्जर होने से कभी भी आकस्मिक दुर्घटना की आशंका बनी रहती है तथा जनधन हानि होने की आशंका व्यक्त किया गया है, अतः शांति स्वरूप जन सुरक्षा तथा लोक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने से उक्त भवन को तोड़ना आवश्यक हो गया है जिस पर तत्कालीन एसडीएम संदीप कुमार अग्रवाल ने भवन को डिस्मेंटल करने का आदेश दिया था, डिस्मेंटल के बाद उक्त भूमि पर कार्यालय परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना नगरी के कार्यालय भवन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निवास के साथ ही कर्मचारियों के लिए 14 आवासीय भवन बनाए जाना प्रस्तावित किया गया था।

संबंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरों पर हो कार्रवाई

अधिकारी आदेश तो कर देते हैं लेकिन अपने कर्तव्यों से विमुख होकर जिम्मेदारी को भूल जाते हैं कि आदेश का पालन हुआ है कि नहीं, जब कोई दुर्घटना घटित होता है तब आनन-फानन में सफाई देने लग जाते है, ऐसे ही विगत दिनों शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आया है, विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा एक कमार बच्ची को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है, बता दें कि ब्लाक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों से विमुख हो कर बेलगाम हो गये हैं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन और शासन को ऐसे गंभीर मामलों पर संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों पर सुशासन के चाबुक चला कर कड़ी कार्रवाई करना चाहिए, तभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे, अन्यथा बिना कार्यवाही के व्यवस्था में सुधार होने की संभावना नहीं है।

सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों से बनी हुई है दुर्घटना की आशंका

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 24 जुलाई। एक और जहां बारिश होने से लोगों को राहत मिली है वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत कुरूद में दिख रहे बड़े-बड़े गड्ढे लोगों की मुसीबत बनी हुई है जैसे दो पहिया और चार पहिया वाहन सड़कों से गुजरते हैं गड्ढे ही गड्ढे की वजह से दुर्घटनाओं का कारण बनने की फिराक में होते हैं नगर प्रशासकों को यह गड्ढे नजर नहीं आते लेकिन जैसे ही कोई शिकायत करते हैं मात्र खाना पूर्ति के लिए उसे सुधारने का नाटक बस होता है। आखिर यह परेशानी के मसले कब हल होंगे जनता यही जवाब चाहती है ।सुपरमार्केट से तहसील ऑफिस जाने का मार्ग पर बारहों माह सड़क पर नाली का गंदा पानी बहता रहता है ।ज्यादा बारिश होने पर नाली का कूड़ा करकट मलबा रोड पर पानी में तैरते देखे जा सकते हैं ,इस रोड से स्कूली बच्चे तहसील ऑफिस के कार्यो एवं सुपरमार्केट आने जाने वाले लोगों का हमेशा इस रोड सेआना-जाना लगा रहता है। इस रोड के थोड़ी दूर सुपरमार्केट में निर्माणधीन परिसर का मटेरियल बिखरे रहने से सड़कों पर इसका प्रभाव होने लगता है ,बारिश होते ही वह रास्ता किसी नाले से कम नजर नहीं आता साप्ताहिक बाजार मंगलवार पर असर पड़ता है अब हम बात करें इंदिरा नगर से सरकारी अस्पताल रोड की जहां ज्यादा बारिश होने पर पानी भर जाता है वहीं से छोटी नाली में नहर का पानी आने से रोड पर पानी भर जाता है जिससे गढ्ढे का पता नहीं चलता इस स्थान पर वर्षो से गढ्ढो का दंश झेल रहा है। बरसात के दिनों में आफत का सबब बन जाती है । वहीं पुरानी मंडी रोड की बात करें वहां पर डिवाइडर के पास से लेकर पानी टंकी बजाज डॉक्टर क्लीनिक तक बारिश के दिनों में ज्यादा बारिश के कारण तालाब जैसा वातावरण नजर आता है ?ज्यादा बारिश होने पर वाजपेई हालर मील में कई बार पानी भर चुका है यह जीता जागता उदाहरण है नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा की नगर पंचायत क्षेत्र में निकासी व्यवस्था को दूर करने हर संभव प्रयास जारी है जो गड्ढे हैं उसकी वर्षा ऋतु के बाद मरम्मत की जाएगी।

मेन पाइप लाइन के एयर वाल्व से पानी बहने से आने-जाने वाले लोगों को हो रही परेशानी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 24 जुलाई। आर्सेनिक प्रभावित गाँवो में शुद्ध पेयजल पहुचाने अम्बागढ़ चौकी में करोड़ो रुपए की लागत से वाटर फिल्टर प्लांट का निर्माण वर्ष 2017 में किया गया था जिसके बाद से आर्सेनिक प्रभावित गाँव के साथ-साथ लगभग 24 गाँव तक शुद्ध पेयजल दिया जा रहा है लेकिन फिल्टर प्लांट निर्माण के साल भर बाद विभाग द्वारा पानी की सप्लाई के लिए बिछाए गए मेन पाइपलाइन के बीच-बीच मे एयर वाल्व लगाए गए है जिससे हवा बाहर निकल सके ताकि पानी सप्लाई में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही आए लेकिन यहां पीएचई विभाग की सही मेंटेनेंस और लापरवाही के चलते इन वाल्वो से हवा के साथ -साथ पानी बह रहा है जिसकी विभाग को बिल्कुल भी फिकर नही है जहां विभाग ही जल ही जीवन है नारो के साथ पानी बचाओ जीवन बचाओ का नारा लगाती है वह सिर्फ नारो तक ही सीमित है ऐसा प्रतीत हो रहा है रोजाना कितना लीटर इस एयर वाल्व से पानी बह जाने के कारण हजारो लीटर पानी की बर्बादी हो रही है जबकि ऐसा नजरा आप को नगर के सब्जी मार्केट के साथ-साथ आसपास के गाँव क्षेत्र जहां पर वाटर फिल्टर प्लांट से निकली मेन पाइप लाइन में देखने को मिल जाएगा जबकि यह नजरा अभी नही बल्कि फिल्टर प्लांट के निर्माण के कुछ समय के बाद से पानी की बर्बादी हो रहा है जिसको आज तक नही सुधारा जा सका है यहां तक जिला जिला निर्माण नही होने से पहले पानी की बर्बादी को लेकर अखबारों में प्रमुखता से खबर भी प्रकाशित की गई थी जिसके बाद विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया गया था लेकिन नवीन जिला निर्माण के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी इसे सुधार नही जा सका है इससे साफ जाहिर होता है कि विभाग को रोजाना हो रही पानी की बर्बादी से कोई परवाह नही है ।

अत्यधिक वर्षा पर शहर के नालियों की सफाई दुरुस्त करने आयुक्त ने दिये निर्देश

राजनांदगांव 24 जुलाई। अत्याधिक वर्षा के कारण मोहारा नदी में आई बाढ़ एवं वार्डो के कुछ हिस्सो में पानी भरने पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को शहर में साफ सफाई, नाली नाला की सफाई दुरूस्त करने, पानी निकासी के अलावा फिल्टर प्लांट में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। उल्लेखनीय है कि मोहारा नदी में अत्याधिक बाढ के कारण इंटकवेल में कचरा फसने पर पानी सप्लाई विलंब से हुई थी, इसी प्रकार भारी बारिश से शहर में कई स्थानों पर पानी भरान की स्थिति निर्मित हुई थी। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, आयुक्त श्री गुप्ता सहित निगम के तकनीकि व स्वास्थ्य अधिकारी निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने लगे हुये है। आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य सहित तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण कर साफ सफाई में जोर देकर, नाला के उपर कलवर तोड कर पानी निकासी करा रहे है तथा जे.सी.बी. व गैंग के माध्यम से नाली नालो की सफाई कराई जा रही है। लोगों को भी अपने घर के आस पास के नाली खुला रखने समझाईस दी जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग बच्चों को एनीमिया व डायरिया से बचाने के लिए अभियान चला रहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 24 जुलाई। स्वास्थ्य विभाग डोंगरगढ द्वारा 19 जुलाई से 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 06 माह से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को एनीमिया से बचाव हेतु आयरन सिरप एवं 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन् पिलाया जा रहा है। यह अभियान एक माह तक संचालित किया जाता है। जिसमें बच्चों को कुपोषण से बचाने के एवं एनीमिया से मुक्त करना शिशु संरक्षण माह का प्रमुख उद्देश्य है। इसके साथ ही 01 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान का संचालन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें बदलते हुए मौसम को देखते हुए उल्टी, दस्त, डायरिया आदि बीमारियों से बचाव हेतु मितानिनो द्वारा घर- घर जानकारी देते बताया गया कि ब्लॉक के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रो में बच्चों में एनीमिया व स्टॉप डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए 01 माह तक अभियान संचालित किया जाता है। सभी स्वास्थ्य केंद्रो में ओ. आर.एस. कार्नर बनाए गए है। लोगों में मौसमी बीमारी से बचाव हेतु अलग से काम्बेट टीम बनाई गई है। स्वास्थ्य केंद्रो में दस्त से ओ.आर.एस पैकेट व जिंक की टेबलेट का वितरण किया जा रहा है। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए विकासखंड चिकित्सा अधिकारी श्रीमति बी.पी. एक्का ने संबन्धित सभी आवश्यक दवाइयाँ निशुल्क उपलब्ध है। यह कार्यक्रम दस्त नियंत्रक एवं दस्त से होने वाली गंभीर स्थिति को रोकने के लिए संचालित किया जा रहा है।

शहर कांग्रेस ने तीनों महान विभूतियों को दी पुष्पांजलि

तिलक,आजाद की जयंती, बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने किया नमन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 24 जुलाई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 23 जुलाई मंगलवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.बाल गंगाधर तिलक, स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती व छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.बिसाहू दास जी महंत की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी सभा आयोजित की गई। इससे पूर्व उपस्थित कांग्रेसजनों ने तीनों महानविभूतियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा का संचालन शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने किया।

संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए सभा के नेतृत्वकर्ता कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भारत के सपूत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक, क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. आदरणीय बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि यह हमारे देश के वंदनीय है और हम सब के प्रेरणा स्त्रोत है जो भारत देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई है। महान उपलब्धियां कभी आसानी से नहीं मिलती। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने शहीद बाल गंगाधर तिलक के योगदानों को याद करते हुए कहा कि सामाजिक स्वप्नदृष्टा के साथ एक शिक्षक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। देश अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर से बंधी हुई थी कांग्रेस और गांधी जी के विचारधारा में चलते हुए इन आदर्श महापुरूष ने अपना बलिदान देकर देश को आजाद कराया था। युवाओं के मार्गदर्शक हैं चंद्रशेखर आजाद देश की आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, शहीद चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि आजाद हूं और आजाद मरूंगा। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा व स्वतंतत्रता संग्राम सेनानी स्व.बिसाहू दास जी हम कांग्रेस पार्टी से जुड़े है, हम हमेशा इनका स्मरण करते रहे और उनके बलिदान को आने वाली पीढ़ी को बताएं। देश के विकास में कांग्रेस का अहम योगदान है, कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिन्होंने त्याग, और तपस्या की मूर्ति हमारे देश के क्रांतिकारी धरोहरों के जीवन पर संगोष्ठी सभा आयोजित की जाती है। संगोष्ठी सभा को उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, मन्ना यादव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, बबलू कसार, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, दुलारी साहू, पूर्णिमा नागदेवे, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, शैलेष ठाबरे, देवेन्द्र साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

एक नजर

विकासोन्मुखी बजटः अग्रवाल

डोंगरगढ 24 जुलाई। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ट के कार्यकारिणी सदस्य एवं डोंगरगढ विधानसभा मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण जी द्वारा बजट को विकासोन्मुखी बताया एवं कहा कि सभी वर्गों का ध्यान रखने वाला यह बजट देश के युवाओं, महिलाओं के लिये विकास के नये आयाम गढ़ने वाला साबित होगा।

अवैध शराब बिक्री करने वालों पर की गई कार्रवाई

डोंगरगांव 24 जुलाई। 23 जुलाई को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब ,चोरी , व अन्य गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है । ग्राम आरी मे शराब बिक्री की शिकायत पर थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के द्वारा पुलिस टीम गठित कर दिनांक 22.07.2024 को प्राप्त सुचना के आधार पर हमराह स्टॉफ व गवाहान के गठित पुलिस टीम सउनि? ईश्वर यादव ग्राम आरी के आरोपिया माधुरी नेताम के घर के अंदर एक प्लास्टिक के डिब्बा मे अवैध रूप से छुपाकर रखे 45 नग देशी प्लेन शराब शोले छ.ग. निर्मित सील बंद प्रत्येक मे 180 एमएल भरी हुई कुल 8.100 लीटर शराब कीमती 4020/- रूपये को निकाल कर समक्ष गवाहान के अपराध क्रमांक 188/24 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मुता0 जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया एवं आरोपिया माधुरी नेताम पिता बिसेलाल नेताम , उम्र- 19 साल,पता- बेरियर के पास ग्राम आरी , थाना डोंगरगांव , जिला राजनांदगांव ,छ.ग., को गिर. किया गया गिर. की सुचना परिजन को दी गई है । थाना डोंगरगांव के अपराध क्रमांक 98/24 धारा 34 (1) के तहत पूर्व में भी आरोपिया के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है । आरोपिया माधुरी नेताम को ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है ।

कलेक्टर ने जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

राजनांदगांव 24 जुलाई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल को आज जनदर्शन में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम परागांव खुर्द निवासी श्री व्यास वर्मा ने नवीन राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला खाद्य अधिकारी को निराकरण के लिए निर्देशित किया। छुरिया विकासखंड के ग्राम डुमरडीह के श्री ज्ञानदास कोटेगंला ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लाभ दिलाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह डोंगरगढ़ कंडरापारा निवासी श्री राजेश कुमार कंडरा ने बसोड़ बही पर्ची प्रदाय करने के लिए आवेदन किया।

श्री रामलला दर्शन करने जिले के 91 श्रद्धालु अयोध्या धाम रवाना

राजनांदगांव 24 जुलाई। राज्य शासन की श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 91 श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन दुर्ग रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जिले के सभी विकासखंडों के 91 श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री रामलला दर्शन करने के लिए दुर्ग रेल्वे स्टेशन भेजा गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को श्री रामलला के दर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्रद्धालुओं को अयोध्या में निःशुल्क श्री रामलला के दर्शन कराया जाएगा। जिले के श्रद्धालुओं को दुर्ग स्टेशन से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या के लिए रवाना किया गया, जहां उन्हें भोजन, नाश्ता, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 2 अनुरक्षक शासकीय कर्मचारियों को साथ भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के निवासियों को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कराने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के बुजुर्ग योजना का लाभ ले सकते हैं। आज यहां राजनांदगांव से रवाना होने वाले श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन के लिए बहुत खुशी व्यक्त की।

समाचार संक्षेप

गुरू के प्रति श्रद्धा का पर्व है गुरु पूर्णिमा

डोंगरगांव 24 जुलाई। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगाँव में 22 जुलाई 2024 को गुरूपूर्णिमा का महापर्व आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती बूंदा वर्मा, अध्यक्षता श्री शिवकुमार ठाकुर, विशेष अतिथि दिनेश गांधी विराजमान थे । विशेष अतिथि के रूप में रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, अभिषेक जैन, लक्ष्मीनारायण सेन उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन अर्चना कर सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ । गुरू पूर्णिमा पर्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के संरक्षक श्री दिनेश गांधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि - गुरूपूर्णिमा का पर्व गुरू के प्रति श्रद्धा व समर्पण का पर्व है । गुरू के द्वारा बताए हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए श्रेष्ठ समाज, आदर्श भारत का नवनिर्माण करना है । सरस्वती शिक्षा समिति के पदाधिकारियों ने समस्त गुरूजनों, दीदीयों एवं विद्यालय में अध्ययनरत समस्त भैया - बहिनों ने भी गुरूजनों के प्रति श्रद्धा व समर्पण का भाव प्रदर्शित करते हुए गुरू के द्वारा बताए हुए मार्ग का अनुसरण करने का निश्चय करते हुए सुदृढ़ भारत देश का नवनिर्माण का संकल्प लिए । कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य ह्रद्य राम पटेल, सुगल किशोर सिंह, सोहन यदु, श्रीमती शांति निर्मलकर, नेमूदास, केशव पटेल, अनमोल पगारे, पार्वती श्रीवास, संगीता वर्मा, वाणी मेश्राम, राजेश्वरी देशमुख, काजल पटेल, टिकेश्वर कुमार, मोनिका पटेल, खेमा देवांगन, डिम्पल चौरे, हेमा साहू, चंद्रिका साहू, राधिका तिवारी, सुनीता वर्मा, कौशल्या यादव आदि उपस्थित थे । सरस्वती शिक्षा समिति के पदाधिकारियों द्वारा आचार्य, दीदीयों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में पधारे हुए समस्त अतिथि, गुरूजनों, भैया-बहिनों को गुरूपूर्णिमा के महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं आभार व्यक्त विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र वैष्णव द्वारा किया गया ।

भाटापारा रामलीला मैदान में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

भाटापारा 24 जुलाई। भाटापारा की 105 वर्ष प्राचीन एवं एतिहासिक आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा , शंकर वार्ड रामलीला मैदान कार्यालय में मनाया गया गुरूपुर्णिमा का पावन अवसर। भाटापारा की इस रामलीला में बच्चो को अपने धर्म से जोड़ने व हिन्दु रीतिरिवाज, संस्कृति एवं धार्मिक त्यौहारो की जानकारी देने के लिए लगातार आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा समिति जो कि छत्तीसगढ़ स्तर पर पंजीकृत संस्था है उसके द्वारा आयोजन किया जाता है । उसी कड़ी में रामलीला कार्यालय मे गुरूपुर्णिमा के अवसर पर भगवान गणेश के आह्वान एवं जगत गुरू भगवान शंकर जी के पूजन के साथ, रामलीला के आधार रामायण एवं भगवान श्रीराम व हनुमान जी की पूजा की गई साथ ही सनातन धर्म जगत गुरू शंकराचार्य जी का पूजन किया गया । वही रामलीला प्रमुख व्यासगद्दी का पूजन करते हुए रामलीला व्यासगद्दी पर आसीन होने वाले एवं रामलीला के कलाकारो को प्रशिक्षण देने वाले प्रमुख व्यक्तिव को श्रीगुरू की उपाधी देते हुए रामलीला के कलाकारो के द्वारा उनका गुरू के रूप में पूजन किया गया जिसमे प्रमुख रूप से गुरू के रूप में आदर्श रामलीला नाटक मंडली के अध्यक्ष, संगीत एवं व्यास प्रमुख प्रकाशचंद शर्मा, कैलाशचंद शर्मा, धन्जी भाई जोशी, लाला देवनारायण शर्मा शामिल रहे, जिनको तिलक, आरती कर श्रीफल सौंपकर पूजन कर गुरूपूजन किया गया। इसी के साथ ऐतिहासिक रामलीला के ऐतिहासिक 105वें वर्ष का मंचन जो आगामी नवरात्र पर्व अक्टूबर माह मे प्रारंभ होना है उसके लिए अध्यास एवं कलाकारो का रिहर्सल भी आरंभ हुआ। बता दें कि इस रामलीला में नन्हे कलाकार करते है शानदार प्रदर्शन एवं देवीलीला होती है भव्य जो पुरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। आगामी रामलीला मंचन की रूपरेखा तैयार की गई । इस अवसर पर रामलीला संचालन समिति के सभी सदस्य, वरिष्ठ एवं बाल कलाकार उपस्थित रहे।

जिले में अब तक औसत 474.9 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव 24 जुलाई। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 474.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 45 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा छुरिया तहसील में 70.7 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 50.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 59 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 23.8 मिमी, घुमका तहसील में 8.5 मिमी, छुरिया तहसील में 70.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 65.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 36.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

संपादकीय

आरएसएस से बैन सरकार ने क्यों हटाया

कांग्रेस पर आरएसएस ने 58 साल पहले अपने राजनीतिक फायदे के लिए बैन लगा दिया। तब कांग्रेस सरकार ने आदेश जारी कर सरकारी कर्मचारियों के संघ के रचनात्मक कार्यक्रम में भाग लेने पर बैन लगा दिया था। मोदी सरकार ने 58 साल बाद यह बैन हटा दिया है। इससे कांग्रेस सहित आरएसएस विरोधी दलों का तिलमिलाना स्वाभाविक है। वह सब सरकार के इस फैसले की आलोचना कर रहे हैं। कह रहे हैं कि यह कदम देश व समाज के हित में नहीं है। क्योंकि उनके मुताबिक आरएसएस देश में नफरत फैलाता है और समाज को बांटने का काम करता है। हकीकत यह है कि संघ एक सांस्कृतिक संगठन है तथा उसका काम राष्ट्र निर्माण व समाज की सेवा करना है। उसे यह काम करते हुए 99 साल हो गए हैं और अगले साल संघ के 100 साल पूरे हो जाएंगे। देश को जब भी राष्ट्रीय सुरक्षा, आपदा के समय देश सेवा की जरूरत हुई तो और कोई संगठन भले सामने ने आया हो लेकिन आरएसएस के स्वयंसेवकों ने आगे आकर देश व देश के लोगों की हर संभव मदद की है और सेवा की है। उसके जितने भी सहायक संगठन हैं, सब सब अलग अलग क्षेत्र में समाज व देश की सेवा का काम निरंतर कर रहे हैं। कोई शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहा है तो कोई आदिवासी क्षेत्र में काम कर रहा है। कोई सामाजिक समरसता को बढ़ाने का काम कर रहा है। संघ के उल्लेखनीय काम के लिए कांग्रेस के ही पीएम जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी ने समय समय पर सराहना भी है। साथ ही जब भी मौका मिला है तो आरएसएस को बैन करने का काम भी किया है। जब भी बैन किया गया है तो बाद सरकार को बैन हटाना पड़ा है। क्योंकि बैन राजनीतिक दुर्भावनावश ही लगाया गया था। कांग्रेस को शुरू से ही आरएसएस से खतरा महसूस होता था वह कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा खतरा आरएसएस को ही मानती थी। क्योंकि आरएसएस ही देश में ऐसा काम करता रहा है जिससे हिंदू समाज जाति,धर्म, भाषा से ऊपर उठकर एकजुट हो सकता था। कांग्रेस की पूरी राजनीति ही जाति व धर्म के आधार पर चलती थी, इसलिए आरएसएस हमेशा ही कांग्रेस नेताओं की कटु आलोचना का केंद्र रहा है। जब भी देश में दंगे होते थे तो उसके लिए आरएसएस को ही दोषी ठहरा दिया जाता था। नेहरू परिवार की चौथी पीढ़ी आरएसएस को मिटाने लगी है लेकिन वह आरएसएस को मिटाना तो दूर की बात है, उसे कमजोर भी नहीं कर सकी हैं तो इसकी बड़ी वजह यह है कि आरएसएस समाज के निचले स्तर पर राष्ट्रनिर्माण व समाज सेवा का काम करता रहा है, वह देश के निचले स्तर के लोगों से जुड़ा रहा है। उसकी ताकत देश के यही लोग जिनके लिए वह विगत 99 साल से काम कर रहा है। कांग्रेस के हर तरह के प्रयास के बाद भी आज आरएसएस विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन है तथा देश की संस्कृति की रक्षा व उसको बढावा देने का सराहनीय काम कर रहा है। आरएसएस पर कई बार बैन लगाया गया है लेकिन आरएसएस ने कभी भी भाजपा की सरकार आने पर बैन हटाने की मांग किसी सरकार से नहीं की। मोदी सरकार को आए दस साल हो गए हैं, वह चाहता तो 2014 में मोदी सरकार आने पर बैन हटाने को कह सकता था और सरकार आसानी से जैसे अभी हटाई है, उसी तरह उस वक्त भी हटा सकती थी। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार ने अब जाकर आरएसएस से बैन क्यों हटाया है। संघ विरोधी भले ही कहते रहे हों कि हाल ही में संघ ने सरकार के आचरण की आलोचना की थी। भाजपा में आए अहंकार के कारण भाजपा व संघ के संबंध पहले जैसे नहीं रह गए थे इसलिए भाजपा ने बैन हटाकर संघ को खुश करने का प्रयास किया है। हकीकत में भाजपा को दस बाद याद आया होगा कि अगले साल संघ के 100 साल पूरे हो रहे हैं। इसलिए यह अच्छा मौका है संघ से प्रतिबंध हटाने का। यह भी अजीब बात होती यदि संघ के सौ साल पूरे होते और कोई याद दिलाता कि संघ पर तो सरकार ने जो प्रतिबंध लगाया था वह आज भी लगा हुआ है। अब जब संघ के सौ साल पूरे होंगे तो उस पर किसी तरह के प्रतिबंध नहीं होगा। यह भाजपा की तरफ से संघ को दिया ऐसा तोहफा है जिसे संघ ने भाजपा सरकार से मांगा नही लेकिन भाजपा ने उपयुक्त अवसर पर यह तोहफा देकर पितृ संगठन के प्रति उसका जो फर्ज है उसे निभाया है।

चर्चित मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

बांग्लादेश में आरक्षण हिंसा से भारतीय छात्रों पर संकट



बांग्लादेश इस समय आरक्षण विरोधी आंदोलन के चलते गंभीर संकट से जूझ रहा है। आरक्षण के विरोध में संपूर्ण बांग्लादेश में हिंसा हो रही है। अब तक सरकारी आंकड़ों के मुताबिक डेड़ सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वैसे यह सरकारी आंकड़ा 130 है और यह कितना सच है, इसे समझा जा सकता है। नौकरियों की कमी से गुस्साए प्रदर्शनकारी उस प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के परिजनों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाता था. सरकार ने बड़े पैमाने पर छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद 2018 में इस पर रोक लगा दी थी, लेकिन जून में बांग्लादेश के हाई कोर्ट ने आरक्षण बहाल कर दिया था, जिसके बाद देश में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरु हो गए थे।

हालांकि हालात बिगड़ते देख कर सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के आरक्षण के आदेश को रोक लगा दी है। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं, पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों और अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है।

अब तक 4500 से अधिक भारतीय छात्र छात्राओं की वापसी हो चुकी है। इस बीच अब आरक्षण के खिलाफ जारी प्रदर्शन बांग्लादेश में हिंदुओं के विरोध में बदलता जा रहा है।

बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच एक हजार भारतीय छात्रों की वतन वापसी हो गई है। हालांकि अभी भी वहां हजारों की संख्या में छात्र फंसे हैं, जो जल्द घर आने की कोशिशों में जुटे हैं। बांग्लादेश में इस हफ्ते सरकारी नौकरियों के लिए विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर बवाल मचा हुआ है।

दरअसल बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में हो रहे विरोध प्रदर्शन शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार की नौकरी कोटा प्रणाली के खिलाफ हैं, जो कुछ समूहों के लिए सरकारी नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा आरक्षित करती है। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि यह प्रणाली भेदभावपूर्ण है और मेधावी उम्मीदवारों को सरकारी पद हासिल करने से रोकती है।

आरक्षण के विरोध में बांग्लादेश में जो हिंसा हो रही है, वैसे तो यह उसका आंतरिक मामला है लेकिन इसके संदर्भ भारत से भी बहुत गहरे जुड़े हुए हैं। बांग्लादेश में पहले 30 प्रतिशत आरक्षण बांग्लादेश मुक्ति संग्राम सेनानियों के परिवारों को मिलता था। लेकिन इस आरक्षण के खिलाफ बांग्लादेश में आंदोलन हुआ जिसके बाद इसे वापस ले लिया गया था। आंदोलन उचित भी था क्योंकि बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन को आधी सदी हो गया है, अब उनकी तीसरी पीढ़ी को आरक्षण देने का कोई मतलब नहीं। लेकिन नेता अपना स्वार्थ देखता है भले ही इसके लिए देश बर्बाद हो जाये। कुछ लोग अदालत में गये और यह फैसला ले आये कि 30 फीसद आरक्षण फिर लागू किया जाये। संभवतः शेख हसीना की सरकर ने अदालत से इस तरह का फैसला करवाया और फिर उसे लागू कर दिया। इसका कारण यह है कि बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन से ही शेख हसीना ही पार्टी बनी है और ज्यादातर स्वतंत्रता सेनानी के परिवार शेख हसीना की पार्टी में ही हैं। इस तरह 30 प्रतिशत आरक्षण का सीधा लाभ शेख

हसीना की अवामी लीग पार्टी के कार्यकर्ताओं को मिलता है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इसीलिए अति उत्साह में 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। लेकिन उनको जनता के विरोध का अंदाजा नहीं था। आरक्षण लागू होते ही बांग्लादेश के लोग सड़कों पर आ गये और पूरे बांग्लादेश को हिंसा के हवाले कर दिया। परिणाम स्वरूप सैकड़ों लोग मारे गये। तमाम सरकारी भवनों को आगे के हवाले कर दिया गया। पूरा बांग्लादेश जल उठा। हिंसा कहीं भी हो उसको जायज नहीं ठहराया जा सकता है। कोटा विरोधी प्रदर्शनों को कॉर्डिनेट करने वाले नाहिद इस्लाम ने कहा, कि ₹मम सामान्य रूप से कोटा प्रणाली के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम चाहते हैं, कि 1971 के स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए 30 प्रतिशत कोटा खत्म कर दिया जाए।₹

उन्होंने कहा, कि ₹बांग्लादेश में कई युवाओं के लिए सरकारी नौकरियां ही एकमात्र उम्मीद हैं, और यह कोटा प्रणाली उन्हें अवसरों से वंचित कर रही है।₹प्रदर्शनकारियों का मानना है, कि वे रिजर्वेशन प्रधानमंत्री शेख हसीना की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए दिया जाता है और आरक्षण से उनकी सरकार को भारी फायदा मिलता है, क्योंकि आरक्षण लेने वाले उनके ही समर्थक हैं। आंदोलनकारियों का मानना है, कि कोटा का गलत फायदा उठाया जा रहा है। उनका तर्क है, कि कोटा भेदभावपूर्ण है और इसे योग्यता आधारित प्रणाली से बदला जाना चाहिए।भारत की तरह बांग्लादेश में भी सरकारी नौकरियों का क्रेज है, क्योंकि इसमें काफी अच्छा वेतन दिया जाता है। लेकिन, आधे से ज्यादा सरकारी नौकरियों में अलग अलग आरक्षण व्यवस्था है।

प्रदर्शनकारियों का दावा है, कि वे किसी भी राजनीतिक समूह से जुड़े नहीं हैं। अल-जजीरा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस आंदोलन को छात्र विरोधी भेदभाव आंदोलन के रूप में जाना जाता है। राजधानी में ढाका विश्वविद्यालय और चटगांव विश्वविद्यालय के हजारों छात्र आरक्षण विरोधी आंदोलन में शामिल हो गए हैं। और फिर यह देश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी फैल गया है।

लेकिन इस बीच कुछ ऐसी वीडियोज भी सामने आई है, जो इस बात की तस्दीक कर रहा है कि यह विरोध प्रदर्शन अब हिंदू विरोधी होते जा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर बांग्लादेश से वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि आरक्षण के विरोध में जारी हिंसा अब हिंदुओं के खिलाफ में बदलती जा रही है। यहां तक बताया जा रहा है कि हिंसा की आड़ में प्रदर्शनकारी हिंदू लोगों का घर तक फूंक रहे है।बांग्लादेश में जो आरक्षण विरोध का हिंसा चल रहा है उसे अब भारत विरोध और हिंदू विरोध में बदल दिया गया। यह प्रदर्शनकारी माइक पर बोल रहा है- ₹भारत जादेर मामार बारी, बांग्ला छारो तारा तारीर यानी ₹जिनके चाचा का घर भारत है, वे बांग्लादेश को जल्दी से छोड़ दें।₹

पता चल रहा है कि बांग्लादेश में जो थोड़े बहुत हिंदू बच गए हैं इस हिंसा की आड़ लेकर उनके घर फूंके जा रहे हैं उन पर हमला किया जा रहा है और पूरे बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल बनाया जा रहा है।

आपको बता दें कि बांग्लादेश में जारी आरक्षण के खिलाफ हिंसा में अब तक 130 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं इस हिंसा के चलते अब तक 4 हजार से ज्यादा भारतीय छात्र स्वदेश लौट आए हैं। वहीं देश में आरक्षण को लेकर मचे बवाल के बीच बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण रविवार को घटा दिया।विदेश मंत्रालय जिसने बांग्लादेश में स्थिति को ₹आंतरिक मामलाह बताया, ने कहा कि 778 भारतीय छात्र विभिन्न भूमि बंदरगाहों के माध्यम से भारत लौटे हैं। इसके अलावा लगभग 200 छात्र ढाका और चटगांव हवाई अड्डों के माध्यम से नियमित उड़ान सेवाओं से वापस लौटे हैं।

इसी के साथ भारतीय उच्चायोग ने 13 नेपाली छात्रों की वापसी में भी मदद की। विदेश मंत्रालय ने कहा, ₹ढाका में भारतीय उच्चायोग और हमारे सहायक उच्चायोग बांग्लादेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में रह रहे 4000 से अधिक छात्रों के साथ नियमित संपर्क में है और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं।₹इसके अलावा विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने और घर के अंदर रहने के लिए सलाह जारी की है।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

वृष राशिः आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आपके जूनियर आपसे काम सीखने आएगे। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। आज जीवनसाथी की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी।

कर्क राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, साथ ही सकारात्मक परिणाम भी मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज्बात काबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेजी से मुकाबला करने की क्षमता आपको खास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। जिससे काम सरलता से पूरा हो जायेगा।

सिंह राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। आज फालतू की शॉपिंग से बचे और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। शाम को बच्चों के साथ खेलने से उलझने समाप्त होंगी। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं।

कन्या राशिः आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आज किसी कॉलेज से आपको टीचिंग के लिए ऑफर मिलने वाला है।

तुला राशिः आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। नवविवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिए जायेंगे। आज जीवनसाथी आपको कोई खूबसूरत तोहफा दे सकते हैं इससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस देखकर बॉस आपके प्रमोशन पर विचार करेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्तों में और भी मजबूती आयेगी। आज किसी पर तुरंत भरोसा न करें, वरना कोई आपके सीधेपन का फायदा उठा सकता है। आज का दिन समझ-बूझ से कदम उठाने का है, इसलिए तब तक अपने विचार व्यक्त न करें जब तक आवश्यकता न हो।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे हैं तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक और चुम्बकीय व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का कोई रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकता है, जिससे पूरे घर में खुशी का माहौल बनेगा।

मकर राशिः आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पर्यटन से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें कोई विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है। छात्रों को आज प्रोजेक्ट पूरा करने में बड़ी बहन का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशिः आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। घर से बाहर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है। लवमेट आज एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

मीन राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें, जिससे आप अपने आप को बेहतर महसूस करेंगे।

नाम में क्या रखा है?

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गाँव के चौराहे पर पान की दुकान पर पंडित ज्वालाप्रसाद बैठे हुए थे, जिनका ज्ञानवर्धन केवल पान के पत्तों और तम्बाकू के जले हुए अवशेषों से ही हुआ था। पंडित जी को स्वयं को महान विद्वान मानने का बड़ा शौक था। तभी, उनके पास आया हरिया, जिसने अपना नाम बदलकर 'हृदयेश्वरानंद' रख लिया था। पंडित जी ने हरिया को देखते ही तंज कसते हुए कहा, अरे हरिया, ये नया नाम कहाँ से लाए हो? कहीं 'नाम बदलो, किस्मत बदलो' वाली दुकानदार से खरीदा क्या? हरिया ने गर्व से उत्तर दिया, ₹पंडित जी, अब नया नाम रख लिया है, तो किस्मत भी बदल जाएगी। नाम में सब कुछ है।₹ पंडित जी ने एक हँसी के झोंके के साथ कहा, ₹अरे, 'नाम में क्या रखा है' झ शेक्सपियर ने तो यह कह दिया है। गुलाब का नाम चाहे जो हो, उसकी खुशबू वही रहती है। हरिया ने उदासीनता से कहा, ₹पंडित जी, आपने मेरी नई पहचान का मजाक उड़ा दिया। मैंने सुना है बड़े-बड़े लोग नाम बदलकर सफलता की ऊँचाइयों पर पहुँच जाते हैं। पंडित जी ने मुस्कुराते हुए कहा, हरिया, तुम्हारी समस्या नाम बदलने की नहीं, सोच बदलने की है। देखो हमारे गाँव में कितने लोग हैं जो बिना नाम बदले ही सफल हो गए। जैसे हमारे सरपंच रामलाल, जिनका असली नाम 'रामखिलावन' है, पर उन्होंने नाम नहीं बदला, बस अपनी सोच और काम में बदलाव किया। हरिया ने कहा, ₹लेकिन पंडित जी, जब लोग मुझे 'हरिया' कहकर मजाक उड़ाते थे, तो अब 'हृदयेश्वरानंद' कहेंगे तो इज्जत मिलेगी।₹पंडित जी ने ठहाका लगाते हुए कहा, ₹अरे भाई, नाम बदलने से इज्जत नहीं मिलती। अगर ऐसा होता, तो हमारे 'पप्पू' भाई साहब के प्रधानमंत्री बनने में कोई दिक्कत नहीं होती। और 'सपना', जो अब 'सपना वाधवा' हो गई है, वो सचमुच कोई मिस वर्ल्ड बन गई क्या? हरिया को झेंपते हुए कहा, ₹पंडित जी, आप सही कह रहे हैं। लेकिन अगर आप मेरी जगह होते तो क्या करते? पंडित जी ने गहरी सांस लेते हुए कहा, ₹मैं तुम्हारी जगह होता, तो मेहनत करता, सोच को बदलता और अपने काम से पहचान बनाता। नाम बदलने से केवल पहचान बदलती है, काम करने से नाम बनता है। इतने में गाँव के प्रधान, जगदीश प्रसाद भी आ गए। उन्होंने भी हरिया के नए नाम पर हँसी रोक नहीं पाए। बोले, ₹अरे हृदयेश्वरानंद, तुम अब बड़े महात्मा हो गए। अब हमें भी आशीर्वाद दो।₹

व्यंग्य

हरिया ने समझ लिया कि नाम बदलने से केवल मजाक ही बनता है। उसने सोचा, ₹क्यों न मैं अपने पुराने नाम 'हरिया' के साथ मेहनत करूँ और अपने काम से पहचान बनाऊँ? वह पंडित जी से विदा लेकर चला गया। गाँव वाले उसकी नई पहचान पर हँसते रहे, लेकिन पंडित जी की बातें उसके दिल में घर कर गईं। उसने निर्णय लिया कि नाम बदलने की बजाय अपने कर्म बदलकर दिखाएगा। कुछ महीनों बाद, गाँव में एक बड़ा बदलाव दिखा। हरिया ने अपने खेतों में नई तकनीक अपनाई, मेहनत की और फसल बढ़िया हो गई। अब लोग उसकी तारीफ करने लगे, पर नाम वही पुराना - 'हरिया' ही रहा। नाम बदलने से, हरिया ने क्या कर दिखाया! पंडित ज्वालाप्रसाद ने उसे देखकर गर्व से कहा, ₹हरिया, तुमने साबित कर दिया कि नाम में कुछ नहीं रखा। असली पहचान तो हमारे कर्मों से बनती है। हरिया ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹पंडित जी, आपने सही कहा था। नाम बदलने से कुछ नहीं होता, सोच और कर्म बदलने से सब कुछ बदल जाता है। गाँव में अब हरिया एक मिसाल बन चुका था। लोग उसे उसकी मेहनत और सफलता के लिए जानते थे, न कि उसके नाम के लिए। हरिया ने साबित कर दिया कि नाम बदलने से इज्जत नहीं मिलती, बल्कि इज्जत अपने कर्मों से कमाई जाती है। आखिरकार, हरिया की कहानी गाँव भर में फैल गई। पंडित ज्वालाप्रसाद की बातें सच साबित हो गईं। 'नाम में क्या रखा है' का मर्म हरिया ने अपने जीवन में उतारकर सबको दिखा दिया। गाँव के लोग अब हरिया को सम्मान से 'हरिया बाबू' कहने लगे, और शेक्सपियर की वो प्रसिद्ध पंक्ति एक बार फिर सच साबित हो गई। नाम में वाकई कुछ नहीं रखा, असली पहचान तो हमारे कर्मों से ही बनती है।

भोला औघड़ दानी

भोला औघड़ दानी के, महिमा हे अपार गा।
आगे हावय संगी, पावन सावन तिहार गा।।

कान में कुण्डल गला में, साप लटकाये हे,
बघवा के छाला भोला, आसन लगाये हे।
जटा मा बिराजे हावय, गंगा के धार गा...,
आगे हावय संगी, पावन सावन तिहार गा।।

धरे हावय तिरसुल डमरू, भभूत लगाये हे,
बइठे हे कैलाश म भोला, धूनी ल रमाये हे।
नंदी बइला मा बाबा, होथे जी सवार गा...,
आगे हावय संगी, पावन सावन तिहार गा।।

सावन के सुग्घर पावन, महीना ह चलत हे,
हरहर महादेव के शोर, चारो मूड़ा गूंजत हे।
भगत मन करत हे, तोरे जय जयकार गा...,
आगे हावय संगी, पावन सावन तिहार गा।।



राजकुमार निषाद राज
बिरोदा, धमधा, दुर्ग छत्तीसगढ़

प्रासंगिक

निर्मल रानी

अगर यह सुशासन है तो जंगल राज क्या है ?



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालने के जब डॉ.मोहन यादव ने यह कहना शुरू किया था कि राज्य में क़ानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा उस समय प्रदेशवासियों में यह उम्मीद जगी थी कि प्रदेश को मिला नया नेतृत्व शायद राज्य से भय,आतंक व अराजकता के वातावरण को दुरुस्त कर सकेगा । परन्तु राज्य के हालात क़ानून व्यवस्था से लेकर भ्रष्टाचार तक अभी भी न केवल जस के तस बने हुये हैं बल्कि अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली कुछ घटनाओं से तो ऐसा प्रतीत होने लगा है गोया सत्ता बदलने या मुख्यमंत्री की क़ानून व्यवस्था सम्बन्धी किसी चेतावनी का अपराधियों पर कोई असर ही नहीं। हद तो यह है कि प्रदेश में घटी अनेक बड़ी आपराधिक घटनाओं में सत्तारूढ़ भाजपा के लोगों के शामिल होने के भी प्रमाण मिलते रहे हैं। तभी विपक्ष को भी पूछना पड़ रहा है कि प्रदेश में होने वाली हर बड़ी आपराधिक घटनाओं के पीछे कहीं न कहीं बीजेपी से जुड़े लोग शामिल होते पाए गए हैं। तो क्या सरकार और पार्टी इस दिशा में कोई क़दम उठाने वाली है? विपक्ष यह भी पूछ रहा है कि मध्य प्रदेश सरकार को जंगलराज के टैग से मुक्ति कब मिलेगी ? और विशेषकर अनुसूचित जाति जनजाति पर होने वाले अत्याचार कब समाप्त होंगे ? पिछले दिनों मध्य प्रदेश के रीवा जिले में इलाहबाद मार्ग पर स्थित मंगावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबंगों द्वारा अपनी दबंगई का वह प्रदर्शन किया गया जो शायद आजतक उस बिहार व उत्तर प्रदेश जैसे उन राज्यों में भी नहीं हुआ जहाँ लालू यादव व अखिलेश यादव के राज को 'जंगल राज ' कहकर यही सत्ताधारी भाजपाई आज भी सम्बोधित किया करते हैं। रीवा जिले के हिनौता क्षेत्र में हुई इस घटना में गुंडों ने डंपर से बजरी फेंककर दो महिलाओं को जिंदा दफनाने की कोशिश की। इस घटना में ममता पांडे और आशा पांडे नाम की दो महिलाएं बजरी के ढेर में कमर और गर्दन तक दब गई थीं। जिन्हें स्थानीय लोगों ने फावड़े की सहायता से बजरी के ढेर में से बाहर निकाल कर उनकी जान बचाई। इन महिलाओं को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यदि स्थानीय लोग मानवता का प्रदर्शन करते हुये उन महिलाओं को समय रहते बजरी के ढेर से बाहर न निकालते तो दोनों महिलाएं जिंदा ही दफ़्न हो जातीं। बताया जा रहा है कि इस गांव में एक सड़क निर्माण योजना को लेकर महिलाएं विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। उन महिलाओं का दावा है कि चूँकि यह जमीन उन्हें सरकार द्वारा पट्टे पर दी गई थी इसीलिये वे उस जमीन पर सड़क निर्माण का विरोध कर रही थीं। और जब उन्होंने सड़क निर्माण रोकने की कोशिश की तो उन पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित महिलाओं ने गौकरण प्रसाद पांडे, महेंद्र प्रसाद पांडे सहित अन्य कई व्यक्तियों पर हमला करने और डंपर चालक पर उन्हें जिंदा दफनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। मोहन यादव सरकार से पहले शिवराज चौहान सरकार में भी इस राज्य में मानवता को शमर्सार करने वाली दबंगई की कई शर्मनाक घटनायें हो चुकी हैं। गत वर्ष जुलाई माह में मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर बिकौरा गांव में पंचायत के लिए नाली का निर्माण कार्य चल रहा था।उस समय रामकृपाल पटेल नामक व्यक्ति पास के एक हैंडपंप पर नहा रहा था। बताया जाता है कि उसी समय दलित समुदाय के एक व्यक्ति

दशरथ अहिरवार ने हंसी मजाक़ के माहौल में ग्रीस लगे हाथ से आरोपी रामकृपाल पटेल को छू लिया। तभी गुस्साया पटेल नहाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मग में पास में पड़ा मानव मल भर लाया और इसे दशरथ अहिरवार के सिर और चेहरे सहित पूरे शरीर पर भी लगा दिया। पीड़ित दलित दशरथ अहिरवार ने यह भी आरोप लगाया कि पटेल ने इस दौरान उसे जाति के आधार पर अपमानित भी किया। और जब उसने मामले की सूचना पंचायत को दी और बैठक बुलाई। तो पंचायत ने उल्टे उसी पर 600 रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। यह वही मध्य प्रदेश राज्य है जहाँ गत वर्ष जुलाई में सीधी से भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत प्रवेश शुक्ला नामक एक युवक ने एक आदिवासी युवक के मुंह व चेहरे पर पेशाब करते अपनी वीडियो बनवाई थी। बाद में आरोपी प्रवेश शुक्ला के विरुद्ध बहारी थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 294 (अश्लील हरकतें), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान) और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। साथ ही आरोपी के विरुद्ध एनएसए की कारवाई भी शुरू की गई थी। मानवता को आहात करने वाली इस घटना ने पूरे मध्य प्रदेश को शमर्सार कर दिया था। इस घटना की वीडिओ भी वायरल हुई थी। इस घटना का ज़िक्र विदेशी मीडिया ने भी किया था। वैसे भी मध्य प्रदेश पूरे देश में दलितों के साथ अपराध के मामलों में तीसरे स्थान पर है। एक दो दशक पहले के खासकर उत्तर प्रदेश व बिहार में अन्य दलों के शासन को आज भी गुंडा राज कहकर याद करने वाली भा

एक नजर

प्राथमिक शाला बारुला में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया

फिंगेश्वर, 24 जुलाई। फिगेश्वर शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में गुरु पूर्णिमा का पर्व धुमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ. इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता ने कहा कि गुरु शिष्य का संबंध अटूट होता है. जिससे श्रद्धा एवं आस्था का भाव प्रकट होता है. हमें अपने गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए उनका सम्मान करना चाहिए.प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु एक मोमबत्ती के समान होते है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते है.इस मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता जितेंद्र साहू, केसरी साहू, रुक्मणी साहू, एवं संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव, मोती ध्रुव, हीरामन लाल साहू, रितु ध्रुव, कमलकांत सेन,आदि उपस्थित थे।

साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे के खिले

फिंगेश्वर, 24 जुलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवमी के पात्र 13 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र निषाद थे वही अध्यक्षता शाला के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने किया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ. तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया. इस मौके पर छात्राओं के चेहरे पर साइकिल मिलने की खुशी साफ झलक रही थी.छात्राओं का कहना है कि निशुल्क साइकिल मिलने से उन्हें काफी खुशी है अब उन्हें स्कूल तक आने-जाने में कोई समस्या नहीं होगी. इस अवसर पर मुख्य अतिथि गजेंद्र निषाद ने कहा कि ग्रामीण अंचल में रहने वाली छात्राओं को हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल आने जाने में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था परंतु इस योजना के लाभ से छात्राएं आत्मनिर्भर बन रही है.सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद ने कहा कि. इस योजना का आज छात्राओं को भरपूर लाभ मिलता है. छात्राओं को विद्यालय आने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी.यह छात्राओं के लिए एक वरदान के समान है.प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि आज छात्राएं हर स्तर पर अपना एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही है. इस योजना के तहत साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राएं अपने घरों से आसानी से पढ़ाई के लिए स्कूल पहुंच सकती है. साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए शासन से मिले उपहार उनके आगे की पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू. अध्यक्ष गजेंद्र निषाद,सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद विधायक प्रतिनिधि उदय यादव,सदस्य दयाराम साहू, शैलेंद्र यादव,दूज लाल ढीढी कुंतराम साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी,गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे,नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व स्वीपर यशवंत साहू उपस्थित थे>

जिले में अब तक 360.4 मिलीमीटर औसत वर्षा

महासमुंद 24 जुलाई । महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 360.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 440.3 मिलीमीटर, बसना में 387.7 मिलीमीटर, पिथौरा में 381.9 मिलीमीटर, बागबाहरा में 364.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 301.4 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 286.6 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

आज 24 जुलाई को 84.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 112.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 105.0 मिलीमीटर, बागबाहरा में 93.7 मिलीमीटर, कोमाखान में 83.0 मिलीमीटर, बसना में 78.4 मिलीमीटर एवं सबसे कम वर्षा सरायपाली में 35.9 मिलीमीटर दर्ज की गई।

भोपालपटनम हैदराबाद मार्ग पर आवागमन शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपाल पटनम, 24 जुलाई। पिछले दो दिनो से बाधित भोपाल पटनम एन एच 163 मार्ग सोमवार शाम पांच बजे से पुनः शुरू हो गया है इसी के साथ पिछले दो दिनों से परेशान लोगो को आवागमन बहाल होने से राहत मिली है तथा दो दिनो से दोनों ओर खड़ी सैकड़ों वाहन यात्री बसे अपने गंतव्य की ओर.रवाना हुई है एन एच मार्ग 163 में बाढ़ के कारण फंसे लोगों को राहत पहुंचाने में प्रसाशनिक अमला भी इस आपदा के समय हर संभव मदद प्रभावित लोगो को लोगों को राहत पहुंचाई इनमें जिला पंचायत सदस्य बंसत ताटी और उसनी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा .प्रशासनिक अमला भी इस आपदा के समय हर संभव मदद प्रभावित लोगो को पहुंचाई यहां बता दें पिछले एक हफ्ते से जारी बारिश से पूरे जिले का जनजीवन बेहाल हो गया था आज सोमवार को बारिश थमी है फिर भी रूक रुक कर हल्की वर्षा हो रही है

नगरीय निकाय चुनाव में हार से डरे हुए हैं कांग्रेस के नेता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

केशकाल, 24 जुलाई। नगर पंचायत केशकाल में आगामी नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व डरा हुआ कांग्रेस संगठन विधायक नीलकंठ टेकाम के कुशल नेतृत्व में जैसी शानदार सफलता केशकाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली उसी सफलता को दोहराने का मन नगर पंचायत केशकाल की आम मतदाता बना चुके है ।नगर पंचायत केशकाल में शासन के निर्देशानुसार हो रहे परिसीमन को लेकर कांग्रेस नेताओं में आगामी नगरीय निकाय चुनाव में हार के डर की बौखलाहट साफ दिखाई देने लगी है पिछले 4.5 सालो से नगर पंचायत केशकाल में कांग्रेस की सरकार है ,जिन्होंने केवल भ्रष्टाचार किया,नगर की जनता को मूल-बहुत सुविधाओ से वंचित रखा,गैर सामाजिक तत्वों के द्वारा नगर के धार्मिक स्थानों का अपमान किया गया । अब नगर में हो रहे परिसीमन का विरोध कर रहे है ।अगर परिसीमन में उन्हें कोई कार्य नियम विरुद्ध नजर आ रहा हो तो उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिये ना कि उल-जलूल बयानबाजी कर के नगर की जनता का मनोरंजन करते रहना चाहिये ।आज जो कांग्रेस के नेता परिसीमन की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे है,वे सभी बुद्धिजीवी तब कहा थे जब भूपेश सरकार के द्वारा नगर पंचायत की जनता से सीधे नगर अध्यक्ष चुनने का अधिकार छिन लिया गया था ।

श्रद्धा, आस्था और समर्पण का पर्याय है गुरु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फिंगेश्वर, 24 जुलाई। प्रतिवर्ष आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है.इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के शाला के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात समस्त शिक्षकों का स्वागत छात्र छात्राओं द्वारा गुलाल से किया गया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का उच्च स्थान प्राप्त है।गुरु शिक्षा और संस्कार दोनों का केंद्र बिंदु है।गुरु श्रद्धा,आस्था और समर्पण का पर्याय है।गुरु ज्ञान रूपी प्रकाश से अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करता है।गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था इस कारण इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि माता पिता हमारे प्रथम गुरु होते हैं. गुरु के सानिध्य में जाने से जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल जाते हैं। हमें अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए।संतोषी गिलहरे व्याख्याता ने जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है।संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होते हैं।हमें अपने माता-पिता, गुरु एवं बड़े बुजुर्गों का सदैव सम्मान करना चाहिए. कार्यक्रम का संचालन 12वीं की छात्रा गीता साहू ने किया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी,गीतांजलि नेताम,संतोषी गिलहरे,नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू,क्लर्क तोमन साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पीडीएस के चावल को कोचिया गांव से खरीद कर शहर के राइस मिलों में खपा रहे

■ पीडीएस के चावल का क्षेत्र में चल रहा गोरखधंधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 24 जुलाई। इन दिनों फिगेश्वर सहित छुरा ब्लाक के लगभग बहुत से गांवो में शासन के पीडीएस योजना के तहत राशनकार्डधारियों को मिलने वाले चावल वा चना का गोरखधंधा बड़ी तेजी से फल फूल रहा है। शासकीय राशन वितरण केंद्र से चावल खरीदकर कार्ड धारियों द्वारा गांव की दुकानों या कोचियों के पास ऊंची कीमत पर बेचा जा रहा है। इस चावल को राइस मिलो तक खपाने के लिए ब्लाक में सैकड़ो से जायदा कोचिया सक्रिय हैं। जो गांव गांव के किराना दुकानों या सीधे कार्ड धारियों से खरीदे कर चावल को राइस मिलो तक खपा रहे हैं। इस बात की खाद्य विभाग को जानकारी होने के बावजूद इस कार्य में संलिप्त लोगो के ऊपर कोई कार्रवाई नही होने से मिलीभगत होने का अंदेशा हो रहा है। अंचल में शासकीय राशन वितरण केंद्र से राशन वितरण होता हैं।कुछ जरूरत मंद कार्ड के बड़े परिवार को यह चावल कम पड़ता है।और एसे परिवार अपने घरों में चावल का पूरा उपयोग करते हैं,पर कुछ एसे भी कार्ड धारी है जो शासकीय राशन दुकान के चावल को खाने में नही उपयोग करते वे लोग उस चावल को किराना दुकानों या गांव गांव घूम रहे कोचिया के पास बेचकर गेंहू या पतला चावल या फिर किराना समान खरीद लेते हैं। शनिवार को सूत्रों से जानकारी मिली कि ग्राम लोहरसी में राशनकार्ड हितग्राहियों के खरीदे गए चावल को एक दुकान से राजिम के एक मिल में खपाने के उद्देश्य से लोहार्सिग का एक बिचौलिए द्वारा अपने पिकअप वाहन में लादकर ले जाया जा रहा था। पिक अप में सवार चावल मालिक को पूछा गया तो पहले तो उसने घर का चावल बता कर टाल मटोल करता रहा । फिर गाड़ी ड्राइवर और हमालो ने बताया यह चावल किराना दुकान से लोड कर बेचने राजिम जा रहे है। इस पीडीएस के चावल को ग्राम लोहरसी के एक किराना दुकान से खरीदकर रूद्र राइस मिल ले जाया जा रहा था । लगातार चल रहे इस गोरखधंधे का विभाग को जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नही किया जाता। बता दे की चावल के इस काला कारोबार में एक बस सरकार को छोड़ कर बाकी सब को फायदा हो है।क्यों की जिस राइस मिलों से धान चावल बनकर सरकारी गोदाम में जाता है ,फिर सरकारी गोदाम से गांव गांव बने शासकीय राशन वितरण केंद्रो में जाता है। फिर वहा से कार्ड धारि हितग्राहियों को मिलता है।हितग्राहियों से कोचिया और किराना दुकान में जाता है।किराना दुकान से फिर राइस मिलों तक पहुंच जाता है।इस प्रकार यह चक्र चलता रहता है।फिर यही चावल नया बरदाना में पैक होकर सरकारी गोदाम में पहुंचता है।यह प्रक्रिया सालो से ऐसा ही चल रहा है।केवल सरकारी खजाना लुटाया जा रहा है।राइस मिलर और कोचिया माला माल हो रहे है।क्यों की बिना कुछ किए सस्ती कीमत में इन्हे चावल मिल जाता है। यही वजह है कि राजिम नवापारा समेत अब गांव गांव में राइस मिलों संख्या में इजाफा होने लगा है।देखना होगा की खबर के बाद संबंधित विभाग ऐसे कोचियो पर क्या कार्यवाही करता है।या कही राशन के इस खेला में विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी संलिप्त तो नही ?

बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का 31 जुलाई को होगा चुनाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बचेली, 24 जुलाई। बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव बुधवार दिनांक 31 जुलाई को प्रातः 07 बजे से प्रारंभ होकर अपरान्ह 03 बजे तक समाप्त होंगी31 जुलाई को ही मतगड़ना कर निर्वाचित प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगीइस बार बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोशिएशन के वार्षिक चुनाव में 2 पैनल आमने सामने इस दंगल में उतरे हैं। अध्यक्ष पद के लिए विकाश पैनल के राकेश सिंह गौतम (लालू) तो वहीं एकता पैनल से तरुण सोनी (राम) के बीच मुकाबला है। वही दोनों पैनल के कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया हैं। राकेश सिंह पैनल से सचिव पद के लिए मनोज कुमार सिंह कोषाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे उपाध्यक्ष पंकज बनीक,नरेश यादव सहसचिव रेशु जायसवाल, हेमनाथ साहु तो वहीं तरुण सोनी पैनल से सचिव पद के लिये कृष्ण जीवन शुक्ला कोषाध्यक्ष मनीष कुमार नायक उपाध्यक्ष मनोज साहा ,मनोज कुमार गुप्ता सहसचिव अविनाश कर्मकार, लक्ष्मण कुमार यादव के बीच सीधा मुकाबला है। युद्ध स्तर पर चल रही चुनाव प्रचार में लगे दोनों ही पैनल के पदाधिकारी एवं सदस्य भारी बरसात में भी अपनी पसीना बहा रहे हैं।साथ ही दोनों दल अपने पूरे पैनल की जीत का दावा कर रहे है वही राकेश सिंह गौतम अपने पैनल के साथ सदश्यो के घर घर जाकर जनसम्पर्क प्रारंभ कर दिया है. साथ ही राकेश सिंह गौतम अपने पूरे पैनल की ऐतेहासिक जीत का दावा कर रहें है और रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराने की बात कहीं हैं।

सुकमा, 24 जुलाई। लगातार हो रही बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 इंजरम में पुल पर बाढ़ के पानी आ जाने से आवागमन ठप्प*सुकमा से कोण्टा की ओर आने वाले 3 बसों के सैकड़ो यात्रियों सहित अन्य माल वाहक वाहनों के चालक फसे*जनपद पंचायत के सीईओ नारद मांझी के निर्देश पर पंचायत सचिव ने यात्रियों के लिए सुबह का नास्ते का किया प्रबंध*प्रशासन की ओर से बढ़ाया हाथ*नारद मांझी ने कहा दोपहर के भोजन की भी करेंगे व्यवस्था

किसानों के लिए सोलर पंप बना वरदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 24 जुलाई। सोलर पंप किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधारी है। जैबेल के किसान मंगल ने तरूण छत्तीसगढ़ को बताया कि सोलर पंप के जरिए दस वर्षों से तीन फसल ले रहा है। धान व मक्का के अलावा सब्जी का उत्पादन कर रहा है। इससे आय बढ़ी है। बकावण्ड विकास खंड के कई किसानों ने बताया कि क्रेडा की सोलर पंप योजना से वे लाभान्वित हुए हैं। बास्तानार ब्लाक के किसान भी खुशहाल हो रहे कहैं। बास्तानार की भौगोलिक स्थित सामान्य नहीं है इसे सुधारने का प्रयास अधिकारी कर रहे हैं।जलजीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को सोलर पंप से ही पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। ,शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीणों का स्वास्थ्य बेहतर है। पेयजल योजना के पहले चरण में 201 गांव का लक्ष्य रखा गया है। दूसरे चरण में 797 गांव शामिल किए जाएंगे। तोकापाल,लोहण्डीगुड, बस्तर,बकावंड तथा बास्तानार ब्लाक में कार्य प्रगति पर है।

श्रीरामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सुकमा, 23 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । प्रदेश सरकार के द्वारा राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन कराने हेतु श्रीरामलला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत् विशेष ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से श्रद्धालुओं का चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले से 22 रामभक्तों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवम् संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालु सुकमा से दुर्ग फिर मंगलवार को दुर्ग से आस्था विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम लला के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत् श्रद्धालुओं को अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर श्री धनीराम बारसे, श्री अरूण सिंह भदौरिया , श्री विश्वराज चौहान, श्री लीलाधर राठी अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, सीएमओ सुकमा श्री एचआर गोंदे और अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कौदकेरा में सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फिंगेश्वर, 24 जुलाई। विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत संकुल केंद्र कौदकेरा के सेवानिवृत शिक्षक बलिराम साहू एवं शंकर लाल साहू को शिक्षा विभाग में लंबी सेवा उपरांत संकुल स्तरीय विदाई दी गई । विदाई एवं सम्मान समारोह में बीआरसी सुभाष शर्मा, चोवाराम बंजारे पूर्व प्रधान पाठक, दुर्गा सिंह ठाकुर पूर्व संकुल प्रभारी, मुन्ना लाल देवदास पूर्व प्रधान पाठक, एम आर राठे संकुल प्राचार्य कौदकेरा, पूरन लाल साहू संकुल प्राचार्य बिजली, नरेश कुमार साहू संकुल समन्वयक कौदकेरा, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर संकुल समन्वयक राजिम अतिथि की आसंदी पर विराजमान थे । दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों के अलावा संकुल समन्वयक के रूप में सेवा दे चुके डोश्वर ध्रुव को भी प्राथमिक शाला लचकेरा में प्रधान पाठक पद में पदोन्नति पश्चात? विदाई दी गई । कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माता सरस्वती की छायाचित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण के पश्चात श्रीमती भोजलता सेन द्वारा सरस्वती वंदना एवं श्रीमती अंतेश्वरी निराला द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया । सेवानिवृत शिक्षकों के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए संकुल समन्वयक नरेश कुमार साहू ने स्वागत उद्बोधन में सेवानिवृत्त शिक्षकों के शिक्षा जगत में अमूल्य योगदान दिए जाने पर आभार प्रकट किया । सेवानिवृत्त शिक्षक बलिराम साहू एवं शंकर लाल साहू ने सेवा आरंभ से सेवानिवृत्ति तक के अविस्मरणीय सफर के बारे में विस्तार से चर्चा की । विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने एक शिक्षक द्वारा सेवा काल में छात्रों के हित एवं भविष्य निर्माण हेतु शिक्षक के उत्तरदायित्व को अद्भुत बताया । राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मुन्नालाल देवदास ने कौदकेरा के शिक्षा जगत के 132 वर्ष पुराने इतिहास से सदन को अवगत कराया । संकुल प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता.छात्रों के हित में अपना शत प्रतिशत योगदान देने का आह्वान समस्त शिक्षकों से किया । संकुल समन्वयक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि एक शासकीय सेवक का सेवा निवृति तक का सफर एक अद्भुत एवं शुभ अवसर होता है जिस पर समस्त शिक्षकों को गर्व का अनुभव होता है । इस अवसर पर मुरारी लाल सोनी प्रधान पाठक, राजेन्द्र नाग प्रधान पाठक, शोभा राम साहू शिक्षक, टिकेश्वर शेंगर, रेखा राजपूत , महेश्वरी वर्मा, देविका वर्मा, रेखा साहू, कल्पना सेन, खेलन यदु शिक्षक, अन्तेश्वरी निराला प्रधान पाठक, सुनिता चतुर्वेदी , भगवंतीन मंडल, रेखा साहू, बिमलेश निषाद, भोजलता सेन, शांति साहू, लक्ष्मीन साहू, दुर्गा वर्मा, दमयन्तीन यदु, केशर विश्वकर्मा, रामाधार ध्रुव, गौरी साहू, अम्बेश्वरी साहू,राजेश साहू शिक्षक, तोरन साहू , उमेन्दी ध्रुव प्र.पाठक, पुष्कर ध्रुव, ओमप्रकाश कोसरे, कृष्ण कुमार कंवर आदि शिक्षक सम्मिलित थे ।

जनहितैषी , विकास परक , दूरगामी सोच वाला सर्वोन्मुखी बजट:किरण देव

जगदलपुर, 24 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व् जगदलपुर विधायक किरण देव सिंह ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा है कि यह बजह आम जनता का हितैषी , विकास परक बजट है जिसमे मोदी सरकार ने सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा है । केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जो बजट पेश किया है वह सर्वोन्मुखी है। इस बजट में नासिर्फ गाँव गरीब किसान की बात के की गई है बल्कि युवा , महिला, रोजगार, सहित सभी प्रमुख विषयों पर बारीकी से ध्यान दिया गया है जिससे भारत विश्वगुरु बनने की कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ गया है । किरण देव ने कहा कि मंगलवार को जारी बजट में कृषि कार्य के लिए 152 लाख करोड़ रुपए। महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए। 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी आवास योजना के लिए अलग से योजना बनाई गई है। बेरोजगारों के लिए 2 लाख करोड़ खर्च करके 4 करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर नौकरी दिया जाएगा यह अपने आप में बहुत बड़ी योजना है। कौशल विकास में प्रशिक्षित लोगों के लिए मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़कर 20 लाख किया गया है इससे सभी लोगों को रोजगार मिलेगा और वह अपने स्तर पर अन्य लोगों को रोजगार देने में सक्षम होंगे। कृषि विकास मे दलहन और तिलहन को फोकस किया गया है किसानों को बिजली मुफ्त देने के लिए सौर ऊर्जा से बिजली के कनेक्शन हेतु विशेष छूट का प्रावधान किया गया है जिसका सीधा लाभ किसान उठाएंगे और कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी ।उन्होंने कहा कि कैंसर की दवा, सोना-चांदी, प्लेटिनम, मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सोलर सेट्स, लेदर और सीफूड्स का सस्ता किया जाना इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार की सोच कितनी दूरदर्शी है। 1 लाख रुपए से कम सैलेरी होने पर, श्रक्रह्र पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी।जिन्हें सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है, उन्हें देशभर के संस्थानों में एडमिशन के लिए लोन मिलेगा। लोन का 3 परसेंट तक पैसा सरकार देगी। इसके लिए ई वाउचर्स लाए जाएंगे, जो हर साल एक लाख स्टूडेंट्स को मिलेंगे। किसानों का विशेष ख्याल रखते हुए 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।किरण देव सिंह ने आगे कहा कि इस बजट में महिलाओं एवं छात्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है । उद्योग के सहयोग से कामकाजी महिला हॉस्टलों और शिशु गृहों की स्थापना। सरकार संवर्धित कोष की गारंटी के साथ 7.5 लाख रुपये तक की ऋण सुविधा के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना को संशोधित करने की बात कही गई है जिससे प्रतिवर्ष 25 हजार छात्रों को मदद की उम्मीद मिलती है । रोजगार के नए अवसरों को खोलने के लिए मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख से 20 लाख तक बढ़ाने की बात की गई है । उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करने की घोषणा से यह स्पष्ट है कि योजना के तहत आकांक्षी जिलों एवं जनजातीय बहुल ग्रामों में जनजातीय परिवारों के पूर्ण कवरेज के लिए कदम उठाए जाएंगे जिससे इससे 63 हजार गांवों में 5 करोड़ जनजातीय लोग

एक नजर

बहुसंख्यक पिछड़ा वर्ग समाज के हित में राज्य सरकार का सार्थक कदम : राकेश चंद्राकर

महासमुंद 24 जुलाई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश चंद्राकर ने विष्णुदेव सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग गठन के निर्णय को स्वागत योग्य बताते हुए प्रदेश के पिछड़ा वर्ग समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है।चंद्राकर ने कहा कि आयोग गठन से पिछड़ा वर्ग के महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी, छात्र-छात्राओं को शिक्षा में आरक्षण, रोजगार में मिल रहे आरक्षण को और पारदर्शी बनाकर व्यवस्थित किया जाएगा। निश्चित ही भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के बहुसंख्यक समाज पिछड़ा वर्ग के हितों को ध्यान में रख सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं।चंद्राकर ने कहा कि धर्म निरपेक्षता और प्रजातांत्रिक प्रणाली को आधार मानकर भारतीय संविधान में देश के सभी नागरिकों को जहां समानता का अधिकार दिया गया है। वहीं समाज के कमजोर और अन्य पिछड़े वर्गो के लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से ऊंचा उठाने हेतु संवैधानिक रूप प्रावधान किया गया है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अन्य पिछडे वर्ग के हितार्थ विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। प्रदेश की लगभग 52 प्रतिशत जनसंख्या पिछड़े वर्ग की है, और इतनी बड़ी जनसंख्या के विकास एवं कल्याण हेतु निस्संदेह ही एक स्वतंत्र विभाग की आवश्यकता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदेव सरकार ने पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की स्थापना की है।इस आयोग के गठन का मुख्य उद्देश्य राज्यधीन सेवाओं में पिछड़े वर्ग हेतु अनुमन्य आरक्षण सुनिश्चित कराने तथा पिछड़े वर्ग की सूची में अपेक्षित जातियों का समावेश करना अथवा निष्कासित करने की संस्तुति शासन को भेजने का है। पिछड़े वर्गो के उत्थान के लिए शिक्षा का स्थान सर्वोपरि है। शिक्षा के अभाव के कारण ही कोई वर्ग पिछड़ा रह जाता है। भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति की लम्बी अवधि के बाद भी अन्य पिछड़े वर्गो के शैक्षिक स्तर में अभी तक अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। शिक्षा के स्तर में सुधार करने के लिए कई प्रयत्न किये गये हैं। आयोग के माध्यम से सरकार द्वारा पिछड़े वर्गो के विकास के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत योजनाएँ भी संचालित की जाएगी।

जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदक और बताई अपनी समस्याएं

रायगढ़, 24 जुलाई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में सभी जिला स्तरीय अधिकारी की उपस्थिति में बारी-बारी से जिले के आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदको ने अपनी समस्याओं, मांगो और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। जनदर्शन में आज विकासखंड लैलूंगा के ग्राम मठियाकछार निवासी श्री ठंडाराम अपने दिव्यांग पुत्र के राशन कार्ड एवं ट्राइसायकल की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र दिव्यांग है एवं दूसरों पर आश्रित रहकर जीवन-यापन कर रहा है। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल से अपने पुत्र के लिए ट्रायसायकल एवं राशन कार्ड के लिए निवेदन किया। इसी प्रकार रायगढ़ के बंगलापारा निवासी श्री श्रवण कुमार साहू ने बताया कि उनका पुत्र शारीरिक रूप से अक्षम है, उन्होंने अपने पुत्र के लिए आर्थिक सहायता एवं दिव्यांग पेंशन की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने उक्त दोनों आवेदन के निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया। रायगढ़ शहरी क्षेत्र की महिला समूहों ने आज मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के लंबित भुगतान की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण आहार के तहत दाल, चावल एवं अंडा का वितरण जून, जुलाई एवं अगस्त 2022 किया गया था। जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। समूहों ने अतिशीघ्र लंबित भुगतान की मांग। इसी प्रकार ग्राम लोईंग निवासी श्रीमती फुलकुमारी महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदान किए जाने हेतु आवेदन लेकर पहुंची थी। कलेक्टर श्री गोयल ने उक्त दोनों आवेदनों के निराकरण के लिए महिला बाल विकास को निर्देशित किया। ग्राम देलारी निवासी श्री श्याम लाल सिदार जमीन में अतिक्रमण एवं लगाए पौधों को हुए नुकसान की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा स्वयं के कृषि भूमि में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजनान्तर्गत पौधे लगाए गए थे। जिसमें कंपनी द्वारा अतिक्रमण कर खंभा गड़ा दिया गया है, जिससे उनके पौधों का नुकसान हुआ है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने एवं पौधों की क्षतिपूर्ति की मांग की। कलेक्टर श्री गोयल ने तहसीलदार रायगढ़ को जांच कर विधिवत कार्यवाही के निर्देश दिए। रायगढ़ के गांधी नगर गढ़उमरिया निवासी श्री भूषण कुमार अपने पुत्र का आरटीई के तहत स्कूल में प्रवेश की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने आरटीई के तहत प्रवेश में हो रही दिक्कत के संबंध में जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। विकासखंड खरसिया के ग्राम बरगढ़ निवासी घनश्याम जयसवाल मनरेगा की मजदूरी भुगतान की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि स्वयं एवं उनकी पत्नी द्वारा संयुक्त रूप से मनरेगा के तहत मजदूरी का कार्य किया गया था। जिसका भुगतान आज पर्यन्त नहीं हुआ है। उन्होंने मजदूरी राशि दिलाने की मांग की।

ग्रामीण व शहरी विकास का संतुलन है बजट में:चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद, 24 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र की राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट को गाँव, गरीब, किसान, युवाओं महिलाओं के सर्वतोमुखी विकास का नया अध्याय निरूपित किया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि बजट प्रावधानों में ऐसा मिश्रण कम ही देखने को मिलता है, जहाँ एक तरफ गरीबी कम करने के उपाय हों, वहीं दूसरी तरफ मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने की बात भी हो। समाज के सभी वर्गों की मदद और उन्नति के लिए पर्याप्त प्रावधान के साथ-साथ ग्रामीण व शहरी विकास का अद्भुत संतुलन इस बजट में दिखाई दे रहा है।सांसद श्रीमती चौधरी ने ग्रामीण विकास परियोजनाओं के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए, कृषि क्षेत्र में उन्नति के लक्ष्य और सिंचाई के लिए 11,500 करोड़ रुपए का प्रावधान करते हुए 109 फसलों पर फोकस करने के साथ-साथ दलहन, तिलहन और सब्जी की पैदावार पर नई घोषणाएं करके अन्नदाताओं की खुशहाली का पक्का इंतजाम करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत का संकल्प केंद्र सरकार की आदिवासियों के उत्थान की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है, जिससे देशभर के 63 हजार गांवों के 5 करोड़ आदिवासी लाभान्वित होंगे। केंद्र सरकार ने युवाओं के रोजगार और कौशल उन्नयन एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है और नए रोजगार पर 2 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ केंद्र सरकार ने युवा प्रतिभाओं की पूरी चिंता की है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि गरीबों के लिए जहां मुफ्त राशन योजना जारी रखने की घोषणा की गई है, वहीं महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण की संकल्पना को व्यापकता प्रदान कर केंद्र सरकार ने अपने प्रस्तुत बजट में महिलाओं के उत्थान के लिए तीन लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करके नारी उत्थान की अपनी प्रतिबद्धता को साकार किया है। लघु और मध्यम उद्योगों के लिए किए गए प्रावधानों का स्वागत करते हुए श्रीमती चौधरी ने कहा कि इससे आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा। 3 करोड़ नए पीएम आवास और मजदूरों के लिए नई हाऊसिंग स्कीम की घोषणाओं के साथ ही केंद्र सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली, बाढ़ व जलभराव नियंत्रण जैसे विषयों को भी बजट में शामिल कर समूचे देश के गांवों से लेकर बड़े शहरों तक की चिंता की है। टीडीएस के नियमों को सरल करने, आयकर में टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव और स्टैंडर्ड डिडक्शन में की गई बढ़ोत्तरी का स्वागत करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि अमृतकाल का यह बजट हर मायने में संतुलित और महत्वपूर्ण है।भाजपा सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि केंद्र के इस बजट प्रस्ताव की 9 प्राथमिकताएं हैं। इस बार के बजट में कृषि, रोजगार, सामाजिक कल्याण, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा के अलावा गरीब, महिला, किसान, युवा पर बजट में फोकस किया गया है। एक ओर जहाँ वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी नीतिगत अनिश्चितता की चपेट में है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि जारी है। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि सरकार हर साल एक लाख छात्रों को सीधे ई-वाउचर उपलब्ध कराएगी, जिसमें ऋण राशि का तीन प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए लोन गारंटी योजना लाई जाएगी, जिसमें 100 करोड़ रुपये तक के लोन के लिए गारंटी की जरूरत नहीं होगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, इससे एक करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली मिल सकेगी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ नए मकानों का ऐलान ग्रामीण विकास के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 1 करोड़ शहरी गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवारों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रूपए की गई है, इससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और भारत एक आत्मनिर्भर व विकसित देश के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा।

मोदी सरकार का बजट कम कांग्रेस की घोषणा पत्र का कॉपी पेस्ट ज्यादा:राशि

महासमुंद। वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण द्वारा मंगलवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल 2024 की शुरुआत के पहले प्रस्तुत बजट को %कुर्सी बचाओ, सरकार बचाओ बजट बताया। श्रीमती महिलांग ने कहा कि इस बजट में छग राज्य को केवल झुनझुना थमाया गया है और बजट के जरिए सहयोगियों को पूरी तरह से खुश रखने का प्रयास किया गया है। सहयोगियों से सरकार ने अन्य राज्यों की कीमत पर खोखले वादे किए हैं। श्रीमती महिलांग ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट सरकार बचाने का बजट है, जो हालात केंद्र में बन रहे हैं, उनकी झलक इसमें दिखाई दे रही है। आज 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक बिहार को दिया गया। साफ दिखाई दे रहा है केंद्र सरकार पर दबाव था, है और पूरे पांच साल रहेगा। छग और मध्यप्रदेश से सरकार को सर्वाधिक सीटे मिली है पर इन्ही राज्यों के लिए बजट में कोई खास प्रावधान नहीं है। देशभर में बढ़ती महंगाई से जनता को राहत देने का बजट में जिक्र ही नहीं है। देश की जनता आज लगाए बैठी थी कि केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट है। इसमें आम और खास के लिए बहुत कुछ देखने होगा पर बजट ने सभी वर्ग को निराश कर दिया। कहा मोदी सरकार ने संभवत मित्र अडानी-अंबानी को खुश करने की कोशिश की है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन ने कहा कि देश के अन्नदाताओं की सबसे बड़ी मांग एमएसपी की थी जिसका मोदी सरकार ने बजट में कोई प्रावधान न करके किसानों को फिर से जुमलों में उलझाया दिया है। सबसे बड़ी बात देश के बेरोजगार युवाओं को इंटर्नशिप का झुनझुना पकड़ाकर बेरोजगारी की मूल समस्या से सरकार ने अपने आप को किनारा कर लिया है, जैसे सरकार के पास इस सवाल का जवाब नहीं की अग्निवीर बाद में क्या करेंगे? वैसे ही इंटर्नशिप करके युवा क्या करेंगे इस बात का भी उत्तर बजट में नहीं मिला। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने भाजपा के मोदी सरकार की तीसरी पारी के पहले बजट को कांग्रेस की चुनावी घोषणा पत्र पर आधारित और कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र और पिछले बजट का नकल बताया है।

बरसते पानी में नपाध्यक्ष राशि ने वार्डों में पानी निकासी, जलभराव स्थिति का लिया जायजा

महासमुंद, 24 जुलाई। सोमवार से रुक-रुक हो रही बारिश के बाद मंगलवार को बरसते पानी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग नपा कर्मियों के साथ शहर के वार्डों में जलभराव और नालियों से पानी निकासी का जायजा लेने के निकली। इस दौरान उन्होंने अधिकारी और कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। पिछले दो दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। इस बीच शहर के उन इलाकों में क्या हाल है जो प्रतिवर्ष बारिश में प्रभावित रहते है जहां निवासरत शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को नपाध्यक्ष राशि महिलांग बरसते पानी में शहर के ऐसे इलाकों में पालिका कर्मियों के साथ जायजा लेने के लिए पहुंची। नपाध्यक्ष ने शहर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड वार्ड 20 में नालियों में अनेक रुकावटों के चलते गंदा पानी मार्ग के ऊपर बह रहा था जिससे नपाध्यक्ष ने तत्काल रुकावट हटाने व मार्ग में अनेक जगहों में पानी जमा हुआ था जिससे तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। बाद पुराने बस स्टेंड वार्ड 15 में पहुँचकर यात्री प्रतीक्षालय की छत के मरम्मत के निर्देश व जमा पानी निकासी का निर्देश दिए। श्रीमती महिलांग रायपुर रोड वार्ड 1 में पहुँचकर मार्ग में नालियों में जाम कचरों को सफाई कर पानी निकासी के निर्देश दिए। वार्ड 2 झमलीभाठा, वार्ड 3 अयोध्यानगर में कूड़े करकटो को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिए। नयापारा निचली बस्ती वार्ड 6-7 में बारिश से संभावित प्रभाहित होने से पूर्व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने मुख्य मार्ग नेहरू चौक से बरोडा चौक, दुर्गा चौक से गांधी चौक तक के नालियों का निरीक्षण व संबंधित वार्ड की गलियों में रोड संधारण के निर्देश दिए। निरीक्षण बाद नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने शहर में बारिश के बाद वार्डो की स्थिति पर संतोष जताते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में महासमुंद पालिका अपने जनमानस की सुरक्षा व उनकीहितों के कार्यो के प्रति सजग है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा, युवा नेता अरिश अनवर, स्वछता विभाग प्रमुख दिलीप चंद्राकर, लोक निर्माण विभाग यशवंत ठाकुर, जीतू सोनी गोपाल सोना मौजूद रहें।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां समय से करें पूरी-कलेक्टर

रायगढ़, 24 जुलाई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में आगामी स्वतंत्रता दिवस के गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को पंडाल और बैठक व्यवस्था, ट्रेफिक और पेयजल, मार्च पास्ट की तैयारी और ट्रैक निर्माण, माइक और साउंड सिस्टम सहित आयोजन से जुड़े दूसरे दायित्व सौंपे गए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अधिकारियों को उन्हें दी गई जिम्मेदारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा समारोह के दो दिन पूर्व 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल होगा उसके पहले सारी तैयारियां कर ली जाए। इस दौरान डीएफओ सुश्री स्टायली मंडावी, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट की विशिष्ट हिन्दी परीक्षा संपन्न

रायगढ़, 24 जुलाई। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 23 जुलाई को विशिष्ट हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 289 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 258 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पर चर्चा की गई बैठक में

बीजापुर,24 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा। जिले में मुख्य समारोह मिनी स्टेडियम बीजापुर के मैदान में आयोजित किया जाएगा साथ ही जिला बीजापुर अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 5 हजार से अधिक ध्वजारोहण का लक्ष्य रखा गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारी हेतु कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कैम्प, ऑफिस, कलेक्टर निवास में प्रातः 7:15 बजे कलेक्टर बीजापुर द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके पश्चात प्रातः 7:30 बजे कलेक्टर बीजापुर द्वारा कलेक्टोरेट बीजापुर में ध्वजारोहण किया जाएगा, जिसमें कलेक्टोरेट में संचालित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित होंगे। इसके अलावा सभी शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में प्रातः 7:30 बजे कार्यालय प्रमुख या संस्था प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस एवं नगर सेना की टुकड़ियों के द्वारा सलामी गार्ड ऑफ ऑनर दी जायेगी। मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। उक्त समारोह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों, जवानों, स्वच्छता कर्मियों, वालेंटियर्स तथा जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी आदि को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा। इस हेतु संबंधित विभागों के द्वारा सूची 5 अगस्त 2024 के पूर्व श्री जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी के पास जमा करेंगे।बैठक के दौरान मुख्य समारोह स्थल पर मैदान समतलीकरण वॉटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था, मंच की व्यवस्था, बेरिकेटिंग तथा बैरिकेडिंग के लिए बांस बल्ली की व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, बैंच-कुर्सियों की व्यवस्था, जनरेटर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, मीडिया प्रतिनिधियों के लिए पृथक दीर्घा, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल की समुचित व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, मुद्रण एवं वितरण की व्यवस्था समारोह स्थल पर सभी लोगों के लिए आवश्यक बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में सभी तैयारी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गए। स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को प्रातः 9 बजे से की जायेगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, पुलिस एवं राजस्व विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सहित जिला स्तर के समस्त वरिष्ठ अधिकारीगण, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगरीय निकाय सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद थे।

अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रिपोर्ट दें विभाग:कलेक्टर

रायगढ़, 24 जुलाई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बिना अनुमति या छुट्टी स्वीकृत करवाए कार्यालय से लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर मूलभूत नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। यह गंभीर बात है कि लोग बिना अवकाश स्वीकृति या सूचना दिए अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित रहते हैं। शासन ने ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों से ऐसे लोगों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करें और एक सप्ताह में रिपोर्ट दें।

कलेक्टर श्री गोयल ने समय-सीमा की बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने ईई पीएचई से कहा कि ओवर हेड टंकियों का निर्माण पहली प्राथमिकता है। सभी ठेकेदारों को निर्देशित करें कि पहले टंकी का काम पूरा करें। उसके पश्चात पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाए। इसके साथ ही जहां काम पूरे हो गए हैं वहां के रख-रखाव को लेकर भी विभाग निगरानी रखें। जिससे पानी सप्लाई में किसी प्रकार की समस्या आने पर उसे जल्द सुधारा जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने नगरीय निकायों में पीएम आवास निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जिन निकायों में प्रगति कम है वहां रिव्यू कर काम के स्पीड बढ़ाएं। आयुक्त नगर निगम को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने खाद्य विभाग के काम काज की समीक्षा करते हुए ई-केवाईसी अपडेशन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में खाद्य विभाग की समीक्षा कर पीडीएस बारदाना जमा करने में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कृषि विभाग के कामों की समीक्षा करते हुए जिले में उर्वरक विक्रेताओं के स्टॉक सत्यापन के निर्देश दिए। इसके साथ ही बीज अंकुरण नहीं होने की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करने की बात कही। कलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कार्ड निर्माण में प्रगति लाने की आवश्यकता है। सभी नगरीय निकाय के अधिकारी इसके लिए विशेष रूप से प्रयास करें। कलेक्टर श्री गोयल ने जिला परिवहन अधिकारी को ऐसे रूट चिन्हांकित करने के निर्देश दिए जिसमें सार्वजनिक परिवहन की कोई सुविधा नहीं। जिससे इन मार्गों में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल से लोगों के यातायात हेतु वाहन संचालन प्रारंभ करने की दिशा में काम शुरू किया जा सके।

कलेक्टर ने बस्तर की संस्कृति का प्रतीक चिन्ह किया भेंट

बीजापुर,24 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मानेकशॉ सेंटर नई दिल्ली में आयोजित सैनिक स्कूल के भूतपूर्व छात्र सम्मेलन में अरुणाचलप्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक, थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर की ओर से बस्तर की संस्कृति का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।कार्यक्रम में थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि बस्तर क्षेत्र बहुत ही सुंदर एवं प्राकृतिक सौन्दर्यता से परिपूर्ण है। जनरल द्विवेदी ने बताया कि उनके पिता जी की पोस्टिंग भी बस्तर क्षेत्र में रहा है जिनके कारण वे इस क्षेत्र से पूर्व से ही परिचित हैं। बीजापुर जिले के कुछ सामाजिक संगठनों द्वारा सैनिक स्कूल की मांग पर जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने विधिवत प्रस्ताव प्रेषित करने संबंधी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में केवल एक ही सैनिक स्कूल अंबिकापुर में है बीजापुर में सैनिक स्कूल खुलने से जिले में विकास की गति को नया आयाम मिलेगा, छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों का बीजापुर से संपर्क बढ़ेगा।

विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट:डॉ.रामकुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजिम, 24 जुलाई। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए आम बजट के विषय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डा.रामकुमार साहू ने कहा भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा केंद्रीय बजट में चार प्रमुख वर्ग किसान,महिला,युवा और गरीब जो देश के विकास के सबसे बड़े माध्यम होते हैं इन चारों वर्गों के लिए एक मजबूत योजना बना कर इनको आत्मनिर्भर करने साथ ही छोटे उद्योगों को और आर्थिक सहायता पहुंचा कर इनको साथ जोड़ने का जो कार्ययोजना बजट में दिखाई दे रहा है इनका देश के उत्तरोत्तर प्रगति में बहुत बड़ा प्रभाव आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा,बड़ी संख्या में युवा ताकत को प्रशिक्षित करने हेतु प्रोसहित करने की योजना से देश में कुशल और दक्ष मानव शक्ति की संख्या बढ़ेगी जिससे वे स्वमं आत्मनिर्भर तो होंगे ही देश उद्योगों को कुशल वर्कर भी मिलेगा जिससे देश का उत्पादक क्षमता में बढ़ोतरी होगी,बेरोजगारी की समस्या दूर होगी इस तरह यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शिता को दर्शाता है 2047 तक विकसित भारत का निर्माण कर 140 करोड़ देश वासियों के आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने का संकल्प उन्होंने जो लिया है उस दिशा में यह बजट मिल का पत्थर साबित होगा !

दादी-पोती हत्या मामले में दो लोगों का नार्को टेस्ट 6 को

भिलाई, 24 जुलाई। दुर्ग पुलगांव थाना क्षेत्र ग्राम गनियारी में हुई दादी-पोती की हत्या मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस को नार्को टेस्ट का सहारा लेना पड़ रहा है। पुलिस की टीम मृतका सविता साहू (17 वर्ष) के पिता एवं पड़ोस में ही रहने वाले संदेही संतोष निषाद को लेकर गुजरात रवाना हो गई है। वहां पर दोनों ही लोगों का पूछताछ के बाद नार्को टेस्ट लिया जाएगा 6 मार्च की रात को राजवती साहू एवं उसकी पोती सविता साहू की अज्ञात आरोपियों ने घर में घुसकर हत्या कर दी थी। आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को सफलता नहीं मिलने पर संदेहियों का नार्को टेस्ट कराने का निर्णय पुलिस अधिकारियों द्वारा लिया गया था इसके बाद न्यायालय से अनुमति ली गई थी पुलगांव पुलिस सविता साहू के पिता एवं संदेही पड़ोसीसंतोष निषाद को नार्को टेस्ट के लिए अहमदाबाद गुजरात लेकर गई हुई है। इससे पूर्व भी खुड़मुड़ा में हुए हत्याकांड में जब पुलिस को सफलता नहीं मिली थी, तब नार्को टेस्ट के आधार पर ही मामले को सुलझाया गया था गुजरात गई टीम में नार्को टेस्ट लेने वाले एक्सपर्ट पहले पुलिस टीम से पूरी जानकारी लेंगे और पूछताछ को वीडियो बनाया जाएगा। इसके बाद परिवार वाले एवं संदेही संतोष से बातचीत करने के बाद नार्को टेस्ट लिया जाएगा। एक्सपर्ट टीम पूछताछ के बाद कुछ प्रश्न बनाएंगे और पूछताछ के बाद मशीन द्वारा जांच कर निर्णय निकाला जाएगा।उल्लेखनीय है कि 7 मार्च 2024 को गनियारी गांव में 62 वर्षीय राजवती साहू और कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ने वाली उसकी 17 वर्षीय पोती सविता साहू की खून से लथपथ लाश मिली थी। अज्ञात आरोपियों ने उनकी हत्या कर दी थी। राजवती के तीन बेटे गांव में ही दूसरी जगह घर बनाकर रहते थे। राजवती अकेले ही घटनास्थल वाले घर में सोई थी और उसके साथ सोने के लिए उसकी पोती सविता साहू आई थी। पुलिस द्वारा कॉल डिटेल खंगाले जाने एवं लोगों से पूछताछ के बावजूद भी उन्हें सफलता नहीं मिल पाई थी दोनों ही मामले पुलिस के लिए है चैलेंज- दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि गनियारी में हुए दादी-पोती हत्याकांड एवं पुलगांव थाना अंतर्गत हुए डकैती कांड दोनों पुलिस के लिए चैलेंज बने हुए हैं। दादी-पोती हत्याकांड में जिन पर संदेह था उनको अहमदाबाद गुजरात नार्को टेस्ट के लिए भेजा गया है। इस मामले को सुलझाने में नार्को टेस्ट से क्लू मिलने की उम्मीद है पुलिस का प्रयास सतत जारी है हमने दोनों ही मामले को साइड नहीं किया है डकैती मामले में भी पुलिस की टीम लगातार अन्य प्रदेशों में जाकर आरोपियों की तलाश कर रही है जल्द ही दोनों ही मामले सुलझ जाने की संभावना है

सुभाष चन्द्र बो

एक नजर

बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

बलौदाबाजार 24 जुलाई। 10 जून को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है।। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन करने वाले, पत्थरबाजी करने एवं तोड़फोड़ में शामिल आरोपियों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। जिसके तहत पुलिस द्वारा आज दिनांक 22.07.2024 को प्रकरण में शामिल भीम रेजीमेंट जिला बेमेतरा के जिला अध्यक्ष अविनाश धृतलहरे को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में आज दिनांक 22.07.2024 तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 171 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

तिल्दा नेवरा ब्लाक की तीन पंचायतों के सरपंच पद से हटाए गए

तिल्दा नेवरा 24 जुलाई। अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश टंडन ने तिल्दा ब्लाक के ग्राम मूरा सड़ मांट के सरपंचों के खिलाफ मिली शिकायतों के आधार पर जांच कर अनिमितताओ के चलते पद से हटा दिया है पिछले 15दिनों में तीन पंचायतों में भारी अ निमिताए बरती गई थी और ग्रामीणों ने इन पंचायतों की शिकायत की थी। ग्रामीण सूत्रों ने बताया की कांग्रेस सरकार में खुल कर इन पंचायतों में अनिमितिएं हुई है। स्थानीय प्रशासन ने इन पंचायतों में व्यापक जांच पड़ताल की जाकर उक्त कार्यवाही की है।

देश के सुनहरे भविष्य का बजटः परविंदर सिंह मोंटी

डोंगरगढ 25 जुलाई। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने बताया कि इस बार का बजट आजादी के अमृत काल (75वे वर्ष) को समर्पित है आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पहला पूर्ण बजट हैं, यह बजट आम जनता को राहत देने वाला बजट है. जिसमे टैक्स स्लैब में बदलाव कर आय कर छूट की सीमा बढ़ाई गई , सामान्य वर्ग,किसान,जनजातीय क्षेत्रों के विकास एवम युवाओ के लिए हितकारी बजट है वहीं कोरबारियों और मजदूर वर्ग, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बजट में राहत मिली है.यह बजट भारत की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था से आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।इस बजट में गरीबों को प्रधानमंत्रीआवास, फ्री अनाज, बिजली, पानी, सड़क,स्टार्टअप स्किल इंडिया को बढ़ावा देने फंड,छोटे एवम मझीले उद्योगों को बढ़ावा देने,आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रावधान किया गया है जिससे आत्म निर्भर भारत बनने की ओर अग्रसर है कुल मिलाकर यह बजट विकास परख एवम सभी वर्गो की अंकाक्षाओ को पूरा करने वाला है।

सत्य पथ के प्रदर्शक होते हैं गुरुः के.आर. सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा 24 जुलाई। जगद्गुरु देवाधिदेव महादेव के अति प्रिय सावन के पावन महीने के प्रथम दिवस गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि सेवानिवृत्ति व्याख्याता के. आर. सिन्हा, सेनि प्रधानपाठक एस.आर. निषाद, सेनि शिक्षक बी.एल. तारक, सी.आर. सिन्हा और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतराम साहू द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री वीणा वाणी मां शारदे की पूजा अर्चना कर उत्सव का श्रीगणेश किया गया। आदर्श विद्यालय के बच्चों के द्वारा लंबे अरसे तक ज्ञान के प्रकाश पुंज से अंचल को आलोकित करने वाले गुरुओं का अक्षत, कुमकुम, रोली, चंदन से स्वागत किया गया। सभी गुरुओं का चरण वंदन कर अंग वस्त्र एवं श्रीफल भेंट किया गया। संचालन कर रहे वरिष्ठ शिक्षक एम.आर. देवांगन ने गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए गुरु पूर्णिमा की महत्ता बखान किया। उन्होंने कहा कि वेद, उपनिषद, श्रीमद् भगवत गीता, महाभारत जैसे महाकाव्य के रचयिता महर्षि वेदव्यास का अवतरण भी आषाढ़ मास की पूर्णिमा को हुआ था जिसके कारण इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। 44 वर्षों की लंबी अवधि तक शिक्षादान कर सेवा से अवकाश प्राप्त किए व्याख्याता एवं शिक्षाविद के.आर. सिन्हा ने सुंदर पंक्तियों के साथ गुरु महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु बिना ज्ञान, ध्यान, योग, सहयोग, संगीत, कला, आध्यात्मिक सफलता नहीं मिल सकता। गुरु, सत्यपथ के प्रदर्शक होते हैं। अपने बाल्यकाल का स्मरण करते हुए कहा कि हमारे गांव में दो अनपढ़ व्यक्ति थे जो महाविद्यालय में भृत्य का काम करते थे। प्रतिदिन महाविद्यालय में अंग्रेजी के कुछ-कुछ शब्द सुनते और शाम को खेल-खेल में मुझे उसका उच्चारण कराते थे। सही मायनों में जीवन का ककहरा उन्हीं से सीखा। उन्होंने कहा की लगन से मेहनत करने पर सफलता अवश्य मिलता है। सेनि प्रधानपाठक एस.आर. निषाद में त्रेतायुग की घटना के माध्यम से महर्षि नारद द्वारा पृथ्वी लोक के एक आम व्यक्ति निषाद राज को गुरु बनाने की सुंदर कथा द्वारा गुरु को भवसागर से पार लगाने वाला संत बताया। सेनि शिक्षक सी.आर. सिन्हा ने वर्तमान शिक्षा पद्धति और प्राचीन गुरुकुल विद्या पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए अपने गुरुओं को नमन किया। सेनि शिक्षक बी.एल.तारक ने कहा कि गुरु चरणों की धूल को नमन कर गुरु के बताए मार्ग पर चलने से जीवन सफल हो जाता है। दृढ़ निश्चय, निष्ठा एवं परिश्रम के साथ गुरुओं का आशीष सफलता के शिखर तक ले जाता है। वरिष्ठ शिक्षक एम.एल. सेन ने चित्र परिचित अंदाज में कहा कि जीवन का मर्म जो सिखलाए, सत्य का मार्ग जो दिखलाए, ईश्वर अंश वही गुरु कहलाए। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतराम साहू ने कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि इसी विद्यालय में आपही के जैसे मैंने भी इन्हीं गुरुओं के आशीष से विद्यार्जन किया है।

खुले एवं मुख्य सड़कों में न मिले मवेशी,कलेक्टर ने जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय सीएमओ को सतत कार्रवाई के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,24 जुलाई। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यों की काम काज की समीक्षा किए,जिसमें उन्होंने केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने खुले एवं मुख्य सड़को में मिल रहे मवेशियों को हटाने एवं सभी ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस को सक्रिय करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय सीएमओ को दिए है। इसके साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों में आगामी 27 जुलाई से प्रारंभ होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर के संबंध में विस्तृत तैयारी के निर्देश दिए है। उक्त शिविर का आयोजन 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सभी वार्डों में किया जाएगा. उन्होंने आज विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। श्री सोनी ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है,इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिए है। कलेक्टर श्री सोनी ने खरीफ सीजन में सहकारी समितियों में खाद एवं बीज भंडारण एवं उठाव की जानकारी लेते हुए उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समितियों से खाद बीज का उठाव करने में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। सभी किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो जाएं,खाद बीज को लेकर किसानों की ओर से शिकायत मिलने पर सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएंगी। इसके साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को उन्होंने निजी दुकानों में खाद उपलब्धता,दर एवं गुणवत्ता को लेकर सतत निरीक्षण के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएम एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना,दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण),पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सीएमओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

चरौदा हाई स्कूल के उन्नयन के लिए सीएम से मुलाकात

छुरा 24 जुलाई। ग्राम चरौदा हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन की मांग को लेकर ग्रामीण, विधायक रोहित साहू के सौजन्य से विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात किया।प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी,इमरान अली,शांति नागेश,लच्छन नेताम सरपंच,टिकुम सोरी,रामदयाल नागेश, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू नेहरू साहू सहित कृष्णा गुप्ता,धानेश्वर कंवर एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार

बलौदाबाजार 24 जुलाई। थाना लवन पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब का निर्माण कर बिक्री करने वाले शराब कोचियों पर कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 23/07/2024 को थाना लवन से म0ग0आर0 सुमित्रा जाटवर व हमराह स्टाफ की पुलिस टीम द्वारा न0ध0 लवन में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीया बुगाला बाई उम्र 33 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन से कुल 15 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत ?3000 जप्त किया गया है। आरोपीया के विरूद्ध थाना लवन में अप.क. 324/2024 धारा 34(2) आब0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई जारी

बलौदाबाजार 24 जुलाई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, साथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 22.07.2024 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 06 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 06 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी को प्रदेश में मांस मदिरा दुकान बंद कराने की मांग

भाटापारा 24 जुलाई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सनातन धर्मावलंबियों के प्रमुख त्योहारों में विशेष महत्व रखता है, छत्तीसगढ़ में इस दिन को शुष्क दिवस घोषित करते हुए प्रदेश में मांस मदिरा दुकानों को बंद कराने की मांग सर्व यादव समाज के द्वारा किया गया है, यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने बताया कि देश के सभी राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धुमधाम से मनाया जाता है, पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, शोभा यात्रा सहित दही हांडी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर भक्ति मय वातावरण में मनाया जाता है, विगत वर्षो में सर्व यादव समाज के छत्तीसगढ़ के आग्रह पर पूर्वर्ती सरकार द्वारा इस दिन को प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित करते हुए मांस मदिरा दुकानों को बंद कराने का सराहनीय पहल किया गया था, उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित कर मांस-मदिरा दुकान बंद किया जाना चाहिए, इस संबंध मे सर्व यादव समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर आग्रह किया गया है, आशा है मुख्यमंत्री जी द्वारा पहल करते हुए शुष्क दिवस घोषित करने संबंधी आदेश जारी कराया जावेगा,।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर शापूमाशा हरिनभट्ठा में सद्गुरु कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के संतों का आगमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा 24 जुलाई। शा. पू. मा. हरिनभट्ठा में दिनांक 22-07-2024 को शासन द्वारा आदेशित गुरू पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें धर्मनगर दामाखेड़ा से विशेष अतिथि के रूप में महंत सुशीला माई,गोमती माई,नीमा माई,छममदास साहेब, कबीर भजन गायक प्रदीप मानिकपुरी एवं ज्ञान औरेठी से शिक्षक जी.आर.साहू सर की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संतो महंतों द्वारा दीप प्रज्जवलित करके आरती के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत में शिक्षिका अर्चना साहू ने उद्बोधन में कहा कि - गुरू की महिमा अमित है, कहि न सके श्रुति शेष। जिनकी कृपा कटाक्ष से, रंकहु होत नरेश।। महंत सुशीला माई ने मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये विद्यार्थियों को बताया कि - मानुष जीवन अनमोल है, मिले न दूजी बार, पक्का फल जो गिर पड़े, बहुरी न लागे डार। जी.आर.साहू सर ने बताया कि गुरू के समान शिष्य का सच्चा हितैषी कोई नहीं। कबीर भजन गायक प्रदीप मानिकपुरी ने श्री सद्गुरु कबीर साहब एवं संत गुरू घासीदास बाबा के भजनों के माध्यम से गुरू का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सरपंच रंजीत सोनवानी, गिरजा लाल टोंडे, प्र.पा.परमानंद साहू, सुखीराम साहू,शिक्षक सुरेश साकार, लखनलाल वर्मा, शिक्षिका अर्चना साहू, शिवकुमारी देवाँगन, मंजू यादव, कादम्बिनी साहू,रेणुबाला साहू,सत्यप्रकाश साहू,दीपिका साहू का विशेष योगदान रहा।

न्यायालय तहसीलदार ताल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202407094500005

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
मेझा प.ह.न. 00018 [(के.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-फूलसिंग सिदार,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक फूलसिंग सिदार पिता रामचरण सिदार जाति कंवर, निवासी ग्राम मेझा, तहसील ताल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक अपने पिता रामचरण सिदार पिता बिसम्भर सिदार जाति कंवर का मृत्यु दिनांक 22.08.1993 को स्थान मेझा में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत मेझा. में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदक की अपने पिता रामचरण सिदार पिता बिसम्भर सिदार जाति कंवर का मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत मेझा, में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत मेझा, में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 05.08.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार ताल बहादुर नगर

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202407092200033

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
ठाकुरटोला प.ह.न. 00017 [(के.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार -शिवदास,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवदास आ. लक्ष्मण दास जाति लोधी सा. ठाकुरटोला (को.) तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री भूमिका आ. शिवदास का जन्म दिनांक 10.11.2010 को स्थान ठाकुरटोला (को.) में हुआ है कि नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202407092200034

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
खुर्सीपार प.ह.न. 00026 [(के.)] पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार -श्रवण कुमार,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रवण कुमार आ. निहाल सिंह मण्डावी जाति गोंड सा. खुर्सीपार खुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री गीतु बाई पिता श्रवण कुमार का जन्म दिनांक 03.06.1991 को स्थान खुर्सीपार खुर्द में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

आवेदनों का परीक्षण कर समय सीमा में निराकृत करने किया निर्देशित,कुल 21 आवेदन हुए प्राप्त

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 24 जुलाई। जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान डीएफओ मयंक अग्रवाल,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते सहित सभी एसडीएम,तहसीलदार,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे। जनदर्शन में बलौदाबाजार नगर निवासी पंकज सोनी ने फौती उठाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर बलौदाबाजार तहसीलदार को निर्देशित करते हुए समय सीमा में प्रकरण को निराकरण करने कहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत कुकुदा के ग्रामीणों ने सचिव के द्वारा कार्यों में रुचि नही लेने एवं तबादले करने की शिकायत दर्ज हुई जिस पर जनपद सीईओ को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। साथ ही ग्राम तरेगा के यादव समाज द्वारा गांव के मध्य मैदान में किसी भी तरह निर्माण कार्य नही करने एवं उक्त भूमि को खेल कूद,सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आरक्षित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर एसडीएम को जांच कर कार्रवाई करने कहा गया है। इसी तरह अवरेती निवासी जनक राम गोड़ ने आन लाईन भुइयां में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन दिए जिस पर तहसीलदार को तत्काल सुधार के निर्देश दिए है। इसके अलावा जनदर्शन में स्वास्थ्य उपचार,नए राशन कार्ड निर्माण,रोजगार की मांग,सड़क नाली निर्माण,अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
(आदिवासी विकास शाखा)

Phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441, Email: actd.dantewada@nic.in

संक्षिप्त निविदा

क्रमांक/ 832/आ.वि./निर्माण/2024-25 — **दन्तेवाड़ा, दिनांक 19/07/2024**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों के लिए प्रपत्र ''अ'' प्रतिशत दर पर शासकीय निर्माण विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों से मुंहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यों में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा भवन निर्माण कार्यों के लिए जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर नियत तिथि एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दन्तेवाड़ा के नाम से होगा।

1. निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि - 29/07/2024 सायं 5.30 बजे तक
2. भरे हुए निविदा प्रपत्रों की मुंहरबंद लिफाफे कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि - 31/07/2024 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 31/07/2024 सायं 5.30 बजे

क्र.	कार्य/स्थान का नाम	विकास खण्ड	कार्य की लागत (लाखों में)	अमानत राशि (लाखों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5	6
1	स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल जावंगा में आवश्यक निर्माण कार्य।	जावंगा	13.02	0.10	प्रति कार्य की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- रु. होगी। उक्त कार्य हेतु "D" श्रेणी या अधिक के ठेकेदार भाग ले सकते है तथा कार्य 03 माह के भीतर पूर्ण करना होगा।
2	स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल कटेकल्याण में आवश्यक निर्माण कार्य।	कटेकल्याण	43.55	0.33	

नोटः निविदा संबंधी अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास दंतेवाड़ा

जी- 242501277/5

नक्सली वारदातों पर गरमाई विधानसभा

नक्सलियों के पास भरमार बंदूक ही क्यों ?

रायपुर 24 जुलाई। छत्तीसगढ़ में बढ़ी नक्सली घटना को लेकर आज सदन में जोरदार नारेबाजी हुई। नेता प्रतिपक्ष ने नक्सल घटना को लेकर सवाल उठाया था। उन्होंने गृहमंत्री से जानना चाहा कि दिसंबर 2023 से लेकर अब तक कितनी नक्सली घटना हुई है, जिसमें नक्सली मारे गये हैं या निर्दोषों को मारा गया है। उन्होंने शहीद जवान और नक्सलियों के बारे में भी जानकारी मांगी। जवाब में गृहमंत्री ने बताया कि दिसंबर से लेकर अब तक 273 नक्सली घटना हुई है।

उन्होने नक्सली घटना का ब्योरा देते हुए बताया कि नक्सली पुलिस मुठभेड़ की 92 घटनाएं घटी है। इन घटनाओं में 19 जवान शहीद हुए हैं, जबकि 88 घायल हुए है। वहीं आम लोगों की हत्या के बारे में गृहमंत्री ने बताया कि 34 आम नागरिक की हत्या हुई,आम नागरिक में 4 को नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर मारा है। वहीं आईडी ब्लास्ट में 5 नागरिक मारे गए, जबकि 24 को नक्सलियों ने मुखबिर के शक में मारा है, जबकि 1 नागरिक क्रॉस फायरिंग में मारा गया है। वहीं 137 नक्सली मारे गए, जबकि 171 नक्सली गिरफ्तार हुए है।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने भरमार बंदूक को लेकर बड़ा सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि वो पूर्व में गृहमंत्री रह चुके हैं, उस वक्त भरमार बंदूक बरामद नहीं हुआ करता था, अब कैसे बरामद हो रहा है। क्या ये भरमार बंदूक चलता भी है, क्योंकि ऐसे बंदूक का इस्तेमाल तो आजादी के पहले होता था। कहीं ऐसा तो नहीं भरमार बंदूक ले जाकर किसी के पास भी रख दिया जाता है और फिर उसे नक्सली बता दिया जाता है। क्या कभी भरमार बंदूक को लेकर जांच की गयी है, कि क्या वो चलता भी है या नहीं।

नेता प्रतिपक्ष के इस संदेह पर गृहमंत्री ने आपत्ति जताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान जवानों को हौसला तोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि पूरी वास्तविक जानकारी सदन में रखी गयी है, उसमें किसी भी तरह की संदेह की बात या छुपाने की बात ही नहीं है। बाद में फर्जी नक्सली घटनाओं का हवाला देकर विपक्ष हंगामा और नारेबाजी करने लगा।

नक्सली बताकर ग्रामीणों को मारने का आरोप

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान नक्सली-पुलिस मुठभेड़ का मुद्दा उठा. कांग्रेस विधायकों ने नक्सली बताकर ग्रामीणों को मारने, गिरफ्तार करने का आरोप लगाया. इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा यह आरोप झूठ है, यह बर्दाश्त नहीं है. इसके साथ ही सदन में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी शुरू हो गई. इसे भी पढ़ें - सदन में गृह मंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान, कहा- नक्सल प्रभावित इलाकों में काम कर रहे कर्मचारियों को ट्रांसफर के लिए नहीं काटना पड़ेगा नेता-मंत्री का चक्कर। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने ध्यानाकर्षण के दौरान सदन में शासकीय राशन दुकानों से घटिया चना वितरण का मुद्दा उठाते हुए घटिया चना का सैंपल दिखाया. इसके साथ ही उन्होंने खाद्य मंत्री से घटिया चना की जांच करने की मांग की. मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि चना बदला गया या नहीं, उसकी जांच होगी। डॉ. महंत ने बताया कि कई जिलों में घटिया चना बांटा गया. चना उठाव के बाद उसे घटिया चना से बदला गया. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे प्रकरण की विधायक दल से जांच की मांग की।

फर्जी मुठभेड़ के जरिए नक्सली बताकर ग्रामीणों को मारा जा रहा है, उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है. पीडिया, नडपल्ली में ऐसे मामले सामने आए हैं. इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस तरह के आरोप लगाकर सुरक्षाबलों के मनोबल को मत तोड़िए. पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि तेंदूपत्ता तोड़ने गए आदिवासियों को घेरकर मारा गया है. इस पर गृहमंत्री ने कहा कि गलत आरोप मत लगाइए. यह आरोप झूठा है इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

पीडीएस दुकानों से बांटा जा रहा घटिया चना

प्रदेश के शासकीय राशन दुकानों से घटिया चना वितरण की जांच की जाएगी. इस बात की घोषणा खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के ध्यानाकर्षण के दौरान मुद्दा उठाए जाने पर की. इसे भी पढ़ें - सदन में गृह मंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान, कहा- नक्सल प्रभावित इलाकों में काम कर रहे कर्मचारियों को ट्रांसफर के लिए नहीं काटना पड़ेगा नेता-मंत्री का चक्कर। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने ध्यानाकर्षण के दौरान सदन में शासकीय राशन दुकानों से घटिया चना वितरण का मुद्दा उठाते हुए घटिया चना का सैंपल दिखाया. इसके साथ ही उन्होंने खाद्य मंत्री से घटिया चना की जांच करने की मांग की. मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि चना बदला गया या नहीं, उसकी जांच होगी। डॉ. महंत ने बताया कि कई जिलों में घटिया चना बांटा गया. चना उठाव के बाद उसे घटिया चना से बदला गया. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे प्रकरण की विधायक दल से जांच की मांग की।

एक नजर

पुलिस ने अपराधियों का निकाला पैदल जुलूस

रायपुर, 24 जुलाई। 15 जुलाई के रात्रि 10:30 बजे करीबन प्रार्थी शंकर सिंह ठाकुर उर्फ पन्ना को बुद्ध चौक चौकी राम नगर के पास से घर के अंदर बंधक बनाकर बेस बाल एवं चाकू से आरोपी प्रिंस बागडे, अंकुश एवं अन्य साथियों द्वारा मारपीट कर चोट पहुचाया था जिस पर से थाना गुढियारी अपउक्र0 483/24 धारा 140(2), 127(2), 109,3(2) कायम कर विवेचना में लिया। आरोपी घटना बाद से स्थान बदल बदल कर लुक छुप रहे थे एक जगह स्थायी नही रह रहे थे इधर उधर घुम रहे थे आरोपीयों की पता तलाश हेतु तीन टीम बनायी गई थी टीम द्वारा आपस में सामजस्य बनाकर पता तलाश कर रही थी आरोपी उज्जैन, मथुरा, दिल्ली, कत्रौज, जबलपुर, कई स्थानों से भाग रहे थे पुलिस आरोपीयों की पीछा कर रही थी जिसे घेराबंदी कर अंततः पकडा गया। आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश करने पैदल रवाना किया गया।

सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले किए जा रहे टॉरगेट : सचिन पायलट

रायपुर, 24 जुलाई। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रायपुर पहुंच गए हैं। सचिन पायलट विधानसभा घेराव में शामिल होंगे। एयरपोर्ट पर मिडिया कर्मियों से उन्होंने कहा कि, समूचे प्रदेश से कांग्रेस के कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करेंगे, चुनाव के समय किए वादे पूरा नहीं करना अलग बात है, और अपराध बढ़ना अलग बात है, रोज घटनाएं घट रही हैं, अपराध बढ़ रहा है। इस प्रकार की घटनाएं जो पहले प्रदेश में नहीं होती थी वह हो रही है, सरकार का ध्यान शासन करने में नहीं है बल्कि विपक्ष को टारगेट करने का है। केंद्र के बजट को लेकर उन्होंने कहा कि, हमारा बिहार और आंध्र प्रदेश के लोगों से कोई विरोध नहीं है, दो राज्यों को सब कुछ देकर अन्य राज्यों के साथ धोखा हुआ है छत्तीसगढ़ में 11 सीट हैं भाजपा को बहुमत मिला लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य को इस बजट में क्या मिला ढूंढे नहीं मिलता। प्रदर्शन के लिए मंच बनाने से रोकने को लेकर कहा की लोकतंत्र में धरना करना प्रदर्शन करना हमारा अधिकार है दायित्व है एक कंस्ट्रक्टिव विपक्ष होने के नाते तो हमें आने से रोका जा रहा है, फर्जी मुकदमे किए जाते हैं चाहे युवा कांग्रेस हो या कांग्रेस हो सभी को टारगेट किया जाता है।

बाढ़ में फंसे लोगों के लिए एसडीआरएफ बनी फरिश्ता

रायपुर, 24 जुलाई । छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में आई बाढ़ ने कई लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल दिया। इस बाढ़ में फंसे 4 बच्चों समेत 12 लोगों को एसडीआरएफ (स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स) की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। यह परिवार चंगोरी गांव के ईंट-भट्ठे में काम करने आया था और बाढ़ के कारण सोमवार से टापू पर फंसा हुआ था। ज्ञात हो कि इस समय पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है। इसके चलते नदी, नाले पूरे उफान पर हैं। लोगों को भारी बारिश से पहले ही चेतावनी देकर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए सचेत किया जा रहा है।

यूट्यूब देखकर एटीएम से चोरी का सीखा तरीका,आरोपी हुए गिरफ्तार

रायपुर, 24 जुलाई। राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना पुलिस ने एटीएम से छेड़छाड़ कर पैसे निकालने के आरोप में उत्तरप्रदेश के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित यहां काम की तलाश में आए थे। एटीएम में लगे सीसीटीवी से बचने बदमाश कैमरा में स्प्रे डालकर एटीएम को टेंपर करने की कोशिश करते थे। आजाद चौक के बैंक आफबड़ौदा और गंज थाना क्षेत्र के फाफाडीह में एक्सीस बैंक के एटीएम से मिले सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश, कानपुर निवासी मेहूल द्विवेदी और उन्नाव निवासी अरविंद कुमार अवस्थी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा यू-ट्यूब से एटीएम टेंपर करने का तरीका सीखा था। इसके बाद बूथ जाकर एटीएम से छेड़खानी की। पुलिस के अनुसार लड़के दो बार एटीएम गए लेकिन पकड़े जाने की डर से निकल आए। पूछताछ में पुलिस को बताया कि यू-ट्यूब में वीडियो से जानकारी मिली कि एटीएम के पीछे की तरफएक बटन होता है, उसे दबाने पर रुपये निकलते हैं, लेकिन वह उनके अकाउंट में गिनती नहीं होती। वहीं मोबाइल में पैसा निकलने का मैसेज आता है। इस तरह वो बैंक में क्लेम कर दोबारा पैसा हासिल कर सकते हैं।

एक पेड़ माँ के नाम के तहत सूचना आयोग में किया गया पौधारोपण

रायपुर, 24 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। नवा रायपुर स्थित आयोग कार्यालय के परिसर में आयोग के सचिव गोपाल वर्मा सहित उप सचिव आभा तिवारी, अवर सचिव गीता दीवान, अतुल वर्मा, प्रदीप गौर, रजनी सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण में आम, अमरूद, जामुन, करौंदा, अनार, पीपल, बड़, नीम, सीताफल, सन्तरा, आँवला, चीकू, नीबू आदि फ्लदार पौधों के साथ ही पारिजात, मोंगरा, कचनार, मधुमालती गुलमोहर आदि फूलों के पौधे लगाए गए।

मोर बाई हाई फाई 26 जुलाई से

रायपुर 24 जुलाई। जैसा कि नाम से ही आप अंदाजा लगा सकते हैं की मोर बाई हाई फाई ये एक मनोरंजक फ़िल्म है। ये कॉमेडी रोमांस से भरपूर पूरी तरह से पारिवारिक ताने-बाने पर आधारित एक शुद्ध मनोरंजक कहानी है।

छत्तीसगढ़ी फिल्मो की ये विशेषता है कि यह बहुत साफ सुथरी फिल्मे होती है, जिन्हें महिला दर्शक अपने पूरे परिवार के साथ देखते है, निर्माता इस बात का ध्यान हमेशा से रखते हैं और उसी कड़ी में ये फ़िल्म है जिसमे हर वर्ग के लिए मनोरंजन के साथ ही संदेश भी है। इसमे गाने भी बहुत कर्णप्रिय है,पहली बार हीरो और निर्माता प्रकाश अवस्थी ने गाने भी लिखे और संगीत भी दिया है,सृष्टि देवांगन ने उत्कृष्ट काम किया है,बाकी कलाकारों ने भी जैसे योगेश अग्रवाल एस पी की भूमिका में,दीपाली पांडेय उनकी पत्नी व नेगेटिव भूमिका में,अनुपम वर्मा पिता की भूमिका में,विजय मिश्रा,और बाकी अभिनेताओ ने अपने चरित्र को जिया है। मोर बाई हाई फाई में एक औरत के संघर्ष की कहानी को तो दिखाया गया है जो घर,परिवार व समाज से लड़ते हुए अपनी मंज़िल को प्राप्त करती है और जिससे इसका सामना होता है वो कोई और नही बल्कि हर किसी के भीतर समाहित अभिमान है। आपको बता दें कि कुछ इसी तरह ही छत्तीसगढ़ी फ़िल्म मोर बाई हाई फाई में भी होता जंहा नायक व नायिका का सामना कुछ अभिमानियों से होता है और दोनों ही अपने स्वभिमान से उन अभिमानियों पर विजय प्राप्त करते हैं।

नालंदा परिसर की तर्ज पर 13 नगरीय निकायों में खुलेगी लाइब्रेरी: साय

रायपुर 24 जुलाई। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है। लाइब्रेरी को नॉलेज बेस्ड सोसायटी यानी ज्ञान आधारित समाज'' के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने संकल्पित है। उन्होंने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लाइब्रेरी की सौगात दी है, जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वित्त विभाग ने रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी के लिए 85 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। प्रदेश के 4 नगरीय निकायों में 500 सीटर और 9 नगरीय निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने मुख्य बजट भाषण में भी इसका जिक्र करते हुए कहा था कि युवाओं के अध्ययन के लिए नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी निर्माण किया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि इन केंद्रों को ''नॉलेज बेस्ड सोसायटी'' यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाए, ताकि ये युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत और सरकार के लिए एक आदर्श बन सके।

भारतवासियों की आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट : बृजमोहन

रायपुर 24 जुलाई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह बजट, सशक्त, शक्तिशाली, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट है। इस बजट में युवा, गरीब, महिला, किसान, सभी वर्गों की चिंता की गई है।

उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से नौजवानों को रोजगार देने के लिए 2 करोड़ नौजवानों को प्रशिक्षित किया जाएगा, 1 साल तक उन्हें 5 हजार रुपए प्रति माह केन्द्र सरकार की ओर से मिलेगा। शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास केलिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

1 लाख रुपये से कम सैलरी होने वाले प्रवेशकों को ईपीएफओ में रजिस्टर होने पर केंद्र सरकार से 15,000 रुपये मिलेंगे। इससे 210 लाख युवाओं को लाभ होगा। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार आरंभ करने के लिए 7.50 लाख रूपए तक का लोन दिया जाएगा। वहीं 10 लाख तक के शिक्षा ऋण 3 प्रतिशत ब्याज दर की छूट के आधार पर दिया जाएगा।

गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को आगामी 5 साल तक अनाज देने के वादे को निभाया जाएगा। कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए भी लगभग 104 नई किस्मों का ईजाद किया जाएगा और 6 करोड़ किसानों को उनकी जमीनों का मालिकाना हक देने के लिए डिजीटल डॉक्यूमेंट उपलब्ध करवाए जाएंगे। ग्रामीण विकास की दृष्टि से छत्तीसगढ़ को 18 लाख ग्रामीण आवास मिलेंगे।

आयकर का स्लैब बढ़ाए जाने का स्वागत

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 24 जुलाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट पर समाज के विभिन्न वर्गों की अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आई है। व्यापारियों ने जहां इन्कम टैक्स के स्लैब में छूट देने का स्वागत किया है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी इन्कम टैक्स का स्लैब बढ़ाए जाने का स्वागत किया है। आयकर में तीन लाख तक शून्य तथा तीन लाख से अधिक आय पर पांच प्रतिशत टैक्स लगाए जाने को सकारात्मक बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार को जीएसटी में अधिक से अधिक छूट देनी चाहिए। बैंकिंग सुविधाओं का भी विस्तार होना चाहिए। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के लिए 20 लाख रुपए दिए जाने का भी स्वागत किया है। इससे बेरोजगारों को लाभ मिलेगा। वित्त मंत्री की इस घोषणा का भी व्यापारियों ने स्वागत किया है कि जिन लोगों ने यह लोन पटा दिया है उन्हें और अधिक लोन दिया जाएगा। बढ़ती बेरोजगारी पर नियंत्रण के लिए सरकार के कदमों की सराहना की है।

कृषि क्षेत्र में भी बजट बढ़ाए जाने का स्वागत किसान नेताओं ने किया है। वर्तमान में 1.52 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है जिससे कृषि एवं ग्रामीण विकास में तेजी आएगी। ग्रामीण विकास के लिए दो करोड़ 67 लाख करोड़ का प्रावधान करने का स्वागत किसान नेता अशोक बजाज ने किया है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में नए कृषि उपकरणों की खरीदी पर छूट देने के प्रावधान का भी स्वागत किया है। शिक्षाविदों ने उच्च शिक्षा एवं शिक्षा के क्षेत्र में करोड़ों रुपए के बजट के आबंटन का स्वागत किया है। 1 करोड़ घरों में मुफ्त में बिजली दिए जाने का भी स्वागत नेताओं ने किया है। औद्योगिक क्षेत्रों में अलग-अलग उद्योगों को निवेश करने के लिए विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाया गया है।

चेम्बर की वर्तमान कार्यकारिणी समिति की अंतिम बैठक संपन्न

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वर्तमान कार्यकारिणी समिति की अंतिम बैठक आज दिनांक 23 जुलाई 2024 को दोपहर 12 बजे चेम्बर कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में आयोजित हुई।

तत्पश्चात् विषय सूची के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें पिछली कार्यकारिणी की बैठक की कार्यवाही का पठन एवं अनुमोदन, प्राप्त नये सदस्यता आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच के पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई, 75 सदस्यों से प्राप्त आवेदन फर्मों के नाम/स्थान/प्रतिनिधि के नाम परिवर्तन, रू. 10000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति, चेम्बर के आगामी चुनाव के संबंध में विचार विमर्श, चेम्बर चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी मनोनीत करने,चेम्बर कर्मचारियों के वेतन वृद्धि पर चर्चा एवं अन्य विषय-अध्यक्ष महोदय की अनुमति से आदि विषयों पर चर्चा हुई। उपरोक्त सभी विषयों पर कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की।

प्रदेश में झमाझम वर्षा होने से नदी-नाले उफान पर

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 24 जुलाई। सावन लगते ही छत्तीसगढ़ में हो रही झमाझम वर्षा के कारण कृषि कार्य का नई संजीवनी मिल गई है। किसानों के अनुसार यह पानी नहीं अमृत बरस रहा है। इधर दक्षिण छत्तीसगढ़ में भी बाढ़ आ गई है। मौसम विभाग के अनुसार खाड़ी में आपदाब बनने के कारण मध्य छत्तीसगढ़ कहे जाने वाले रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग संभाग में अच्छी वर्षा हो रही है। वर्षा की लेटलतीफी के कारण कृषि कार्य पिछड़ गया था। अब इसमें तेजी आई है। बोवाई के पश्चात अब रोपाई कार्य में भी तेजी आ रही है। कृषि संचालक रायपुर के अनुसार कृषि के लिए जितने पानी की आवश्यकता थी वह पूरा हो गया है। रायपुर जिले में अब किसान रोपाई के लिए सक्रिय हो गए हैं। राजस्व विभाग के अनुसार प्रदेश में 200 से अधिक तहसील हैं। इनमें से 50 तहसीलें सूखे की चपेट में आ गए थे। अब वर्षा होने से इन तहसीलों के किसानों में नई उम्मीद जागी है। कृषि संचालक के अनुसार छत्तीसगढ़ में 40 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में धान बोया जाता है। अभी पांच लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणिक बीज का उठाव हो चुका है। सहकारी समितियों से खाद का वितरण किया जा रहा है। इस समय पोटाश एवं यूरिया की ज्यादा आवश्यकता है। किसान खाद लेने के लिए समितियों में जा रहे हैं।

राज्य में औसत वर्षा होने के पश्चात अब शिवनाथ, खारुन, हसदो एवं केलो सहित कई बरसाती नदियां उफान पर है। शिवनाथ का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। इसके कारण सेमरिया पुल डूब गया है। जिससे भाटापारा का संपर्क सागांवव सहित अन्य क्षेत्रों से कट गया है। गरियाबंद में भी भारी वर्षा हुई है। महानदी का जलस्तर बढ़ते जा रहा है। फिलहाल बांध भी लबालब हो चुके हैं। पत्थलगांव के पास कई बरसातों नालों में बाढ़ आने के कारण रायगढ़-जशपुर-कुनकुरी मार्ग पर लंबा जाम लगा हुआ है। इस समय बाम्बे-हावड़ा राष्ट्रीय मार्ग क्रमांक 7 को एक्सप्रेस-वे बना दिया गया है। इसके चलते यहां पर यातायात बाधित नहीं हो रहा है।

उच्च शिक्षा में एक प्रदेश, एक परीक्षा की प्राचार्यो ने की मांग

रायपुर 24 जुलाई। एक प्रदेश एक अध्यादेश÷ का पालन करते हुए उच्च शिक्षा में एक प्रदेश एक परीक्षा के लिए निजि व शासकीय विश्वविद्यालयों की परीक्षा एक बोर्ड के अधीन आयोजित किया जावे। इस मांग को लेकर निजि महाविद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक विप्र कॉलेज में सम्पन्न हुई।

निजि महाविद्यालय प्राचार्य एसोसिएशन की बैठक में निजि महाविद्यालय के प्राचार्यो को कार्य परिषद में प्रतिनिधित्व के लिए महामहिम कुलाधिपति महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया. बैठक के प्रारंभ में विप्र महाविद्यालय के संस्थाप?क प्राचार्य एवं हृश्चक कोर कमेटी के सदस्य डॉ. मेघेश तिवारी को रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कार्य परिषद के सदस्य मनोनीत होने की बधाई प्रेषित करते हुए सम्मानित किया गया. बैठक में निजि महाविद्यालय के प्राचार्यों ने सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने उपरांत न्यून प्रवेश पर चिंता व्यक्त की तथा निजि व शासकीय विश्व विद्यालय की समान परीक्षा प्रणाली विकसित करने बोर्ड गठित करने शासन से मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया. प्राचार्यों ने ठुद्रश अंतर्गत अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों की संख्या को महाविद्यालय में प्रवेश उपरांत रिक्त संख्या से अधिक अनुमति न देने व अमहाविद्यालयीन छात्रों के शुल्क संबंधी प्रस्ताव पर सहमति बनाते हुए प्राचार्यो ने छूट हेतु प्रबंधन से चर्चा का आश्वासन दिया. निजि महाविद्यालय प्राचार्य एसोसिएशन की बैठक में दिसंबर 2024 तक ÷शिक्षा रत्न सम्मान÷ आयोजन का भी निर्णय लिया जिसके अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों के सर्वोत्कृष्ट प्राध्यापकों को ÷शिक्षा रत्न सम्मान÷ से सम्मानित किया जाएगा. साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के पश्चात कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर संघ का प्रतिनिधित्व मंडल शीघ्र ही कुलपति से भेंट कर उनके निदान की मांग करेगा।

बैठक में डॉ. मेघेश तिवारी, डॉ. देवाशीष मुखर्जी, डॉ. प्रतिभा साहूकार, डॉ. कुलदीप दुबे, डॉ. युलेंद्र राजपूत , डॉ. संगीता घई, डॉ.शोभना गावरी , डॉ. एम. एस. मिश्रा सहित विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26